


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 262

ग्वालियर, मंगलवार, 16 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### प्रियंका गांधी की अचानक बिगड़ी तबीयत, मुरादाबाद दौरा टला

**मुरादाबाद।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की अचानक तबीयत बिगड़ने से उनका मुरादाबाद का प्रस्तावित दौरा ऐन वक्त पर स्थगित कर दिया गया है। इससे कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं व पदाधिकारियों के मायूस हो गए। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तेज वायरल बुखार होने के चलते प्रियंका मुरादाबाद के कांग्रेस पदाधिकारी सम्मेलन में पहुंचने में असमर्थ हैं। कल हल्का बुखार होने के बावजूद वे बुलंदशहर सम्मेलन में पहुंची थीं। मुरादाबाद में आज पदाधिकारी सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू एवं अन्य वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। प्रियंका ठीक होते ही मुरादाबाद में अपने कार्यक्रम की घोषणा करेंगी। उधर, प्रियंका का कांग्रेस पदाधिकारी प्रतिज्ञा सम्मेलन का दौरा स्थगित हो जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में मायूसी छा गई है। आज दोपहर 12 बजे लाइन पार रामलीला मैदान मुरादाबाद में प्रियंका को पश्चिम उत्तर प्रदेश के 12 जिलों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कांग्रेस पदाधिकारी प्रतिज्ञा सम्मेलन को संबोधित करना था। लाइनपार रामलीला मैदान में कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू आज सुबह पहले ही यहां पहुंच चुके हैं। सम्मेलन में मुरादाबाद, बरेली और सहारनपुर मंडल के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। गौरतलब है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा मुरादाबाद के निवासी हैं। मुरादाबाद के कांग्रेस कार्यकर्ता रह रहकर प्रियंका से मुरादाबाद से चुनाव लड़ने की मांग भी करते रहे हैं। उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी 15 साल पहले वर्ष 2006 में मुरादाबाद आई थीं, लेकिन उस समय उन्होंने ससुराल के निजी पारिवारिक कार्यक्रम में शिरकत की थी।

### योगी के बयान पर कपिल सिब्बल ने कसा तंज

**नई दिल्ली।** 2022 में होने वाले यूपी विस चुनाव से सियासी वाकयुद्ध चरम पर है। पहले समाजवादी पार्टी से लेकर बीजेपी, कांग्रेस से लेकर एआईएमआईएम तक के नेता ऐतिहासिक किरदारों के जरिए अपने विरोधियों को निशाना बनाने को कोई मौका नहीं चूक रहे हैं। कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर उन्हीं के बयान के जरिए तंज कसा है। कपिल सिब्बल ने कहा कि सीएम योगी कहते हैं कि चंद्रगुप्त मौर्य ने सिकंदर को हराया फिर भी सिकंदर को महान कहा जाता है। यह कहने में वैसा ही है जैसा कि भारत को 2014 में आजादी मिली थी! इतिहास को फिर से लिखने का समय आ गया है! योगी जी ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारतीय इतिहास पढ़ाना शुरू किया! लखनऊ में सीएम योगी ने कहा था कि इतिहास ने अशोक या चंद्रगुप्त मौर्य को महान नहीं बताया बल्कि चंद्रगुप्त मौर्य से हारने वाले सिकंदर को महान बताया, देश के साथ कितना धोखा हुआ है।

■ बोले लोगों ने सुधार की उम्मीद छोड़ दी थी ■ रेल मंत्री बोले- स्टेशनों में स्टेशन, रानी कमलापति स्टेशन

# प्रधानमंत्री ने 100 करोड़ से बने वर्ल्ड क्लास स्टेशन का उद्घाटन किया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश का रानी कमलापति रेलवे स्टेशन देश का पहला विश्वस्तरीय मॉडल स्टेशन है, जहां अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की तर्ज पर यात्रियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इस स्टेशन का उद्घाटन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित किया और आज के दिन को भोपाल, मध्यप्रदेश और देश के लिए अहम बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सपने किस तरह सच होते हैं भारतीय रेलवे इसका उत्तम उदाहरण बन रहा है। छह-सात साल पहले जिसका पाला रेलवे से पड़ता था वह इसे कोसते हुए ही नजर आता था। स्टेशनों पर गंदगी, ट्रेनों की लेटलतीफी, स्टेशनों पर बैठने और खाने पीने की असुविधा, सुरक्षा की भी चिंता व दुर्घटना का डर जैसी समस्याएं थीं।



**गोंडवाना के गौरव से जुड़ा भारतीय रेल का गौरव:** प्रधानमंत्री ने कहा कि भोपाल के इस ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन का केवल कायाकल्प ही नहीं हुआ है बल्कि किन्नौरगढ़ की रानी कमलापति का इससे नाम जुडने से इसका महत्व और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि गोंडवाना के गौरव से आज भारतीय रेल का गौरव भी जुड़ गया है। यह सब ऐसे समय में हुआ है जब आज देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। मैं सबको इसकी बधाई देता हूं। पीएम ने कहा आज का दिन देश के लिए गौरवपूर्ण इतिहास और वैभवशाली भविष्य के संगम का दिन है। भारतीय रेल का भविष्य कितना आधुनिक है। कितना उज्जवल है। इसका प्रतिबिंब भोपाल के इस भव्य रेलवे स्टेशन में जो भी आएगा, उसे दिखाई देगा। भोपाल के इस ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन का सिर्फ कायाकल्प नहीं हुआ है, बल्कि गिन्नौरगढ़ की रानी का नाम जुडने से इसका महत्व और बढ़ गया है। 6 साल पहले तक जिसका भी पाला भारतीय रेल से पड़ता था, वो भारतीय रेल को ही कोसते हुए ज्यादा नजर आता था। स्टेशन पर भीड़ भाड़ गंदगी। खाने-पीने की असुविधा। ट्रेन में गंदगी। सुरक्षा की भी चिंता रहती थी। लोग चेन लेकर बैग में ताला लगाते थे। दुर्घटना का भी डर रहता था।

**रानी कमलापति रेलवे स्टेशन को देश का सर्वश्रेष्ठ स्टेशन:** लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन को देश का सर्वश्रेष्ठ बताते हुए कहा कि स्टेशनों में स्टेशन, रानी कमलापति स्टेशन। उन्होंने कहा कि भोपाल मेट्रो को रानी कमलापति स्टेशन से इंटीग्रेट किया जाएगा। इस स्टेशन की खासियत यह है कि यहां एंटर होते ही एयरपोर्ट जैसा फील आएगा। यहां पर एक साथ करीब 2000 लोग एक साथ बैठ सकेंगे। मॉडर्न टॉयलेट, क्वालिटी फूड, म्यूजियम और गेमिंग जोन की भी यहां सुविधा है। स्टेशन पर जल्द ही स्पा भी खुलेगा।


**मध्यप्रदेश की दिखेगी झलक:** इस रेलवे स्टेशन में मध्यप्रदेश के पर्यटन और दर्शनीय स्थलों, जैसे भोजपुर मंदिर, सांची स्तूप और भीमबैठका के चित्र प्रदर्शित होंगे। स्टेशन के मेन गेट के अंदर दोनों ओर की दीवारों पर भील, पिथोरा पेंटिंग्स भी होंगे। जनजातीय शिल्पकला पेपरमेशी से बनाए गए जनजातीय मुखौटे को मुख्य गेट के सामने की वॉल पर लगाया गया है। फर्स्ट फ्लोर पर टूरिस्ट इंफॉर्मेशन लाउंज में एक बड़ी एलईडी स्क्रीन इंस्टॉल की गई है, जिससे यात्रियों और पर्यटकों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों की संपूर्ण जानकारी मिल सकेंगी।

## पराली को लेकर तथ्यात्मक आधार के बिना ही मचाया जा रहा बेवजह हल्ला: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसानों द्वारा पराली जलाए जाने पर बगैर किसी वैज्ञानिक और तथ्यात्मक आधार के ही 'हल्ला' मचाया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर गौर किया कि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के वायु प्रदूषण में पराली जलाए जाने का योगदान मात्र चार प्रतिशत है। न्यायालय ने केंद्र को प्रदूषण से निपटने के लिए मंगलवार को एक आपात बैठक बुलाने का निर्देश दिया है।

न्यायालय ने निर्माण, उद्योग, परिवहन, ऊर्जा एवं वाहनों की आवाजाही को प्रदूषण के बड़े कारण बताया और केंद्र से कहा कि वह अनावश्यक गतिविधियों को रोकने और कर्मियों द्वारा घर से काम करने जैसे कदम उठाए। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम द्वारा कुछ निर्णय किए गए हैं, लेकिन इसने सटीक तरीके से यह नहीं बताया है कि वे वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कारकों को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाने जा रहे हैं। पीठ ने कहा इसके मद्देनजर हम भारत सरकार को निर्देश देते हैं कि वह कल एक आपात बैठक बुलाए और हमने जिन क्षेत्रों की बात की है, उन पर चर्चा करे तथा यह देखे कि वह वायु प्रदूषण को प्रभावी तरीके से काबू करने के लिए क्या आदेश पारित कर सकती है। पीठ ने कहा जहां तक पराली जलाए जाने की बात है, तो शपथपत्र व्यापक रूप से कहते हैं कि दो महीनों को छोड़ दिया जाए, तो उसका योगदान बहुत अधिक नहीं है।



## मेरठ में अब तक नहीं सुधरी जहरीली हवा, लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बना वायु प्रदूषण



**मेरठ।** मेरठ में रविवार को एक बार फिर शहर की हवा में सुबह से शाम तक काफी उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। शाम छह बजे के बाद प्रदूषण का लेवल बिगड़ गया। रात 10 बजे एक्यूआई 361 रिकॉर्ड हुआ, शहर में जयभीमनगर, मेडिकल क्षेत्र का एक्यूआई 400 के करीब पहुंच गया है।

मेरठ की हवा में विषाक्त कणों पीएम 2.5 एवं पीएम 10 के साथ ही खतरनाक गैसों का गुबार बन रहा है, बढ़ता प्रदूषण सेहत के लिए घातक साबित हो रहा है, जो फेफड़ों और हार्ट को डैमेज कर रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि एंडोथीलियम डिस्फंक्शन से हार्ट अटैक एवं हार्ट फेल्योर का खतरा बढ़ा है। शहर में एक ओर फैक्टरियों का जहरीला धुआं सेहत पर वार कर रहा है। दिल्ली में हेल्थ इमरजेंसी की स्थिति है। एनसीआर की हवा प्रदूषित हो गई है। मेरठ में भी पिछले 10 दिनों से हवा का हाल बुरा हो गया है, अधिकारी मौन हैं, नगर निगम की ओर से भी सख्त कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 400 से गिरकर 361 पर पहुंच गया है, लेकिन खतरा अभी कम नहीं हुआ है। मेडिकल कालेज के फिजिशियन डा. टीवीएस आर्य ने बताया कि प्रदूषित वायु में पार्टीकुलेट मैटर के साथ सल्फर, मोनोआक्साइड व नाइट्रोजन जैसी खतरनाक गैसें मिली होती हैं। सांस के साथ लंग्स में पहुंचने पर पीएम 2.5 झिल्लियों को पार कर रक्त में मिल जाता है, जो हार्ट एवं रक्त वाहिनियों की सुरक्षा कवच का काम करने वाली एंडोथीलियल सेल को नुकसान पहुंचाता है। रक्तवाहिनियों में सिकुडन आने के साथ ही कम पंपिंग क्षमता वाले मरीजों में हार्ट फेल होने का भी खतरा है।

## अखिलेश बोले- प्रदेश में सपा की सरकार आई तो फिर बदला जाएगा जिलों का नाम



**लखनऊ।** यूपी 2022 विस चुनाव के पहले राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप की श्रंखला जारी है। सूबे की योगी सरकार पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार आएगी तो फिर से नाम बदला जाएगा। जब तक ये तख्ती पर नया नाम लिखवाएंगे, वह सूखेगा नहीं और सरकार बदल जाएगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने यूपी को बर्बाद कर दिया है। ये गरीब की सरकार नहीं है। सोचिए आप यह सरकार समाजवादी पार्टी की सरकार से 5 साल पीछे चल रही है। जो काम समाजवादी 5 साल पहले करके छोड़ चुके हैं, वह भाजपा सरकार आज भी कर रही है। जो कोरोना काल में आजमगढ़ को ऑक्सीजन का प्लांट न दे सके वह उत्तर प्रदेश को विकास क्या देंगे? अखिलेश ने कहा कि कोरोना काल में मजदूरों को लाखों की मदद सपा ने दी। वहीं समाजवादी सरकार में बनाए एक्सप्रेस वे का उद्घाटन कर रहे है, एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता से समझौता किया गया है। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि रबड़ मिक्स विटामिन से एक्सप्रेस-वे बनाया गया है, जिसके कारण एक्सप्रेस वे की क्वालिटी गिरी है। हम लोगों को अनुमति नही दी है इसलिए 16 नवंबर को सांकेतिक रूप से फूल चढ़ाकर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे। एक्सप्रेस वे आधा अधूरा है फिर भी इसकी शुरुआत के लिए हम पूर्वांचल के लोगो को बधाई देते है। हम वादा करते है कि सपा सरकार आने पर एक्सप्रेस वे के किनारे मंडिया बनाई जाएगी। सपा प्रमुख ने कहा कि ऐसा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे बनाया है कि अगर रफ्तार बढ़ा देंगे तो आपके शरीर में दर्द हो जाएगा।

### चुनाव से ठीक पहले सुर्खियों में आए मणिशंकर अय्यर

**नई दिल्ली।** अगले साल होने वाले पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अपने विवादित बयानों के लिए सुर्खियों में रहने वाले कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का एक और बयान सुर्खियों में है। इस बार कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने मुगलों की जमकर तारीफ की और भाजपा पर हमला बोला है। नेहरू जयंती पर हुए एक कार्यक्रम के दौरान मणिशंकर अय्यर ने मुगल शासन में हुए अत्याचारों की बातों को नकार दावा किया कि मुगलों ने कभी देश में धर्म के नाम पर अत्याचार नहीं किया। अय्यर ने मुगल बादशाहों का जिक्र कर कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए केवल 80 फीसदी लोग ही असली भारतीय। मणिशंकर अय्यर ने कहा कि मुगलों ने इस देश को अपना बनाया। अंग्रेजों ने कहा कि हम तो यहां राज करने आए हैं। बाबर ने महज चार साल में हुमायूं को बताया कि अगर आप इस देश को चलाना चाहते हैं तो यहां के निवासियों के धर्म में दखल नहीं दीजिएगा।




## आईटीएटी का क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पक्ष में निर्णय

# आईपीएल से कमाई पर बीसीसीआई नहीं देगा कर

**नई दिल्ली ।** देश में क्रिकेट के प्रति लोगों की दीवानगी देखते ही बनती है। यही कारण है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी (बीसीसीआई) देश की सबसे अमीर खेल संस्था है। केवल आईपीएल क्रिकेट लीग से ही बीसीसीआई को अरबों रुपए की आमदनी होती है। फिर भी यह संस्था टैक्स अदा नहीं करती है। बीसीसीआई को टैक्स के दायरे से बाहर रखा गया है। हालांकि टैक्स के मामले में बीसीसीआई को कानूनी लड़ाई भी लड़नी पड़ रही है। बीसीसीआई का तर्क है कि चूंकि वह देश में खेल खासकर क्रिकेट का प्रचार-प्रसार कर रहा है, इसलिए उस पर टैक्स की कोई देयता नहीं बनती है।

बीसीसीआई को टैक्स विभाग के खिलाफ बड़ी जीत मिली है। इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्युनल (आईटीएटी) ने बीसीसीआई की इस दलील को सही ठहराया है कि भले ही वह आईपीएल के जरिए कमाई कर रहा है लेकिन इसका मकसद क्रिकेट को बढ़ावा देना है। इसलिए इस टूर्नामेंट से हुई आमदनी इनकम टैक्स छूट के दायरे में आती है। आईटीएटी ने बीसीसीआई के तर्क को उचित ठहराते हुए उसके पक्ष में फैसला सुनाया है। बता दें कि टैक्स डिपार्टमेंट ने 2016-17 में बीसीसीआई को नोटिस जारी किए थे। इन नोटिस में बीसीसीआई से पूछा गया था कि आईपीएल से होने वाली कमाई पर इनकम टैक्स कानून की धारा 12 ए के तहत मिलने वाली छूट क्यों नहीं हटाई जानी चाहिए। टैक्स डिपार्टमेंट के इस नोटिस के खिलाफ बीसीसीआई ने इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्युनल (आईटीएटी) का दरवाजा खटखटाया था। आयकर विभाग का कहना था कि आईपीएल में मनोरंजन जुड़ा है और मनोरंजन जुड़ी गतिविधियां बिजनेस के दायरे में आती हैं।

इस पर बीसीसीआई का कहना था कि उसकी गतिविधियां पूरी तरह सामाजिक कल्याण से जुड़ी हैं। बोर्ड असली मकसद क्रिकेट को बढ़ावा देना है और आईपीएल भी खेल को बढ़ावा देने का एक माध्यम है। आईपीएल से आने वाले पैसे को क्रिकेट के प्रमोशन पर खर्च किया जाता है। लंबे समय से इस मामले पर सुनवाई चल रही थी। अब तमाम दलीलों का अध्ययन करने के बाद आईटीएटी ने टैक्स डिपार्टमेंट की दलील को खारिज कर दिया और बीसीसीआई के तर्क को सही ठहराया है। इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्युनल दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि अगर किसी खेल प्रतियोगिता को इस तरह से बनाया जाता है कि उससे इस खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाया जा सके और इससे अधिक प्रायोजक तथा संसाधनों को जुटाया जा रहा है तो इससे क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने की मूल भावना और गतिविधियों पर कोई असर नहीं होता है। ट्रिब्यूनल के न्यायिक सदस्य रवीश सूद और उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि आखिरकार क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अपनी क्षमताओं, बेहतर मैनेजमेंट और संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने का ही काम कर रहा है। आईटीएटी के इस फैसले पर टैक्स एक्सपर्ट्स का कहना है ट्रिब्युनल का यह फैसला अन्य ट्रस्ट के लिए आगे की राह खोलता है। इस फैसले को आधार मानते हुए अन्य ट्रस्ट भी अब इस रास्ते को अपनाएं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### ऑस्ट्रेलिया चीन के खिलाफ फीफा विश्व कप एशियाई क्वालीफिकेशन के लिए लड़ेगा

**सियोल।** ऑस्ट्रेलिया फीफा विश्व कप एशियाई क्वालीफिकेशन में चीन के खिलाफ शारजाह में होने वाले मैच में अपने अभियान को पटरी पर लाना चाहेगा। चीन की टीम भी मैच में पूरा जोर लगाएगी, क्योंकि एक और हार के साथ क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदें लगभग खत्म कर देगी। अगले साल नवंबर में कतर में होने वाले फुटबॉल विश्व कप क्वालीफाइंग के ग्रुप बी में काबिज ऑस्ट्रेलिया की टीम पिछले दो मैचों में एक ही अंक हासिल कर सकी है। टीम ग्रुप में सऊदी अरब से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। जापान ऑस्ट्रेलिया से एक अंक पीछे तीसरे स्थान पर है। छह ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सीधे तौर पर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। चीन ने अभी तक सिर्फ एक बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। मौजूदा क्वालीफाइंग के पांच मैचों में उसके नाम चार अंक है। टीम की कोशिश ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहकर प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की है।

### नवीन-उल-हक की प्रेरणा बने जसप्रीत बुमराह

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह इस समय दुनिया के शीर्ष तेज गेंदबाजों में शुमर है। उनके गेंदबाजी एक्शन को कई बार कॉपी करने वाले बच्चों समेत दूसरे लोगों के वीडियो अकसर वायरल होते हैं। अफगानिस्तान के पेसर नवीन उल हक भी बुमराह की गेंदबाजी के कायल हैं। नवीन टी20 वर्ल्ड कप-2021) में खेलते नजर आए। उनके गेंद फेंकने की कला काफी हद तक बुमराह से मिलती है लेकिन नवीन ने कहा कि अगर वह इस भारतीय पेसर के 50 प्रतिशत भी बन गए तो उन्हें खुशी होगी। अफगानिस्तान के युवा तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक भी ने बुमराह की तारीफ की। नवीन ने कहा कि वह इतने से ही संतुष्ट हो जाएंगे, अगर अपने करियर के दौरान बुमराह के 50 प्रतिशत भी बन गए। उन्होंने मैदान पर कठिन परिस्थितियों के दौरान भी शांत रहने के लिए भारतीय तेज गेंदबाज की सराहना की। नवीन ने कहा, 'मैं एक गेंदबाज के रूप में उनकी प्रशंसा करता हूं।

## 2024 में टी20 विश्व कप की मेजबानी कर सकता हैं अमेरिका

**सिडनी ।** अमेरिका के 2024 में टी20 विश्व कप की मेजबानी की संभावनाएं लग रही हैं, क्योंकि आईसीसी की 2028 लास एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल कराने की मुहिम में यह टूर्नामेंट 'लांच पैड के तौर पर काम करेगा । उम्मीद है कि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) अमेरिका क्रिकेट और क्रिकेट वेस्टइंडीज की मिलकर मेजबानी करने की संयुक्त बोली को चुन सकता है।रिपोर्ट के अनुसार कि आईसीसी टूर्नामेंट के अगले चक्र के स्थलों पर फैसला निकट है और वैश्विक फोकस का मतलब होगा कि इन्हें हालिया समय की तुलना में व्यापक तौर पर वितरित किया जाए। अगर सब योजना के अनुसार चलता है,तब बांग्लादेश में हुए 2014 टी20 विश्व कप के बाद यह पहला वैश्विक टूर्नामेंट होगा जिसकी मेजबानी न भारत और न ही इंग्लैंड या आस्ट्रेलिया करेगा। आईसीसी लंबे समय से उभरते हुए देशों को इस बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार देने के बारे में सोच रहा है। 2024 टी20 विश्व कप में 20 टीमों के होने की उम्मीद है, जिसमें 2021 और 2022 चरण (16 टीमों के बीच 45 मैच) की तुलना में 55 मैच कराए जाएंगे।आईसीसी 2024 और 2031 के बीच कई वैश्विक टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा जिसकी शुरूआत 2024 टी20 विश्व कप से होगी।रिपोर्ट के अनुसार कि महत्वपूर्ण कदम के अलावा अमेरिका को 2024 टूर्नामेंट का मेजबान चुनना ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने के लंबे इंतजार के लिए 'लांच पैड% के तौर पर भी काम करेगा, ताकि इस खेल को लास एंजिल्स 2028 ओलंपिक के बाद 2032 ब्रिसबेन तक जारी रखा जा सके।

## खेल रत्न मिलने पर सुनील छेत्री ने अपने फिजियो और डॉक्टर को कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली ।** मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार हासिल करने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री ने कहा कि शीर्ष स्तर पर इतने लंबे समय तक खेलने के कारण ही उन्हें देश के शीर्ष खेल सम्मान से नवाजा गया है। भारतीय कप्तान छेत्री ने 2002 में अपना पेशेवर करियर मोहन बागान क्लब से शुरू किया और 2005 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। 37 साल के इस खिलाड़ी ने शनिवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से खेल रत्न पुरस्कार हासिल किया। छेत्री ने कहा, मुझे खेल रत्न पुरस्कार मिलने का एक मुख्य कारण है कि मैं 19 साल से खेल रहा हूं। इसके लिए मैं प्रत्येक मालिशिये, फिजियो और डाक्टर का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। आप सभी के 'सुपरस्टार' सहयोग की वजह से ही मैं मैदान पर खेल सका।



अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) द्वारा जारी बयान के अनुसार उन्होंने कहा कई बार ऐसा भी समय आया जब मुझे लगा कि मैं नहीं कर सकता, लेकिन आप लोगों ने मेरे लिए यह संभव कराया। छेत्री ने उन क्लबों का भी शुक्रिया अदा किया जिनके लिए वह खेले, साथ ही उन्होंने क्लबों और राष्ट्रीय टीम दोनों के साथियों, प्रशंसकों और अपने परिवार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा इतने वर्षों तक आप मेरे साथ सब कुछ सहन करते रहे, मेरे साथ खुशी मनाते रहे, आप मेरे उतार चढ़ाव में हमेशा मेरे साथ थे, आपने मेरे साथ सपने देखे और मैं बहुत खुशी से यह पुरस्कार हर एक के साथ साझा करता हूं।छेत्री देश के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और सबसे ज्यादा गोल कर चुके हैं। 125 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 80 गोल करने के बाद वह सक्रिय खिलाड़ियों में गोल की संख्या में अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के बराबर हैं। वह उन चुनिंदा भारतीय फुटबॉलरों में से एक हैं जिन्हें पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार मिल चुका है। एआईएफएफ अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने छेत्री को खेल रत्न से नवाजे जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा सुनील से ज्यादा कोई और इसका हकदार नहीं है। वह भारतीय फुटबॉल के लिए ध्वजवाहक और आदर्श रहे हैं, जिन्होंने अपने देश और अपने सभी क्लबों के लिए इतनी सारी उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा मैं भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

## लड़कियों को अपने सपने पूरा करने प्रेरित करेगी मेरी यात्रा : मिताली राज

**नई दिल्ली ।** प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित होने वाली पहली महिला क्रिकेटर मिताली राज ने उम्मीद जताई कि उनकी उपलब्धियां देश की लड़कियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट की 38 साल की इस दिग्गज खिलाड़ी को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न से सम्मानित किया।

करियर में 300 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वालीं मिताली की जिंदगी पर जल्द ही एक फिल्म भी रिलीज होने वाली है। मिताली मौजूदा साल में इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को हासिल करने वाले 12 खिलाड़ियों में से एक हैं। मिताली ने ट्विटर पर लिखा, ' खेल में महिलाएं परिवर्तन की शक्तिशाली उत्प्रेरक होती हैं और जब उन्हें वह सराहना मिलती है जिसकी वे हकदार होती हैं, तो यह अपने सपनों को पूरा करने की चाह रखने वाली कई अन्य



महिलाओं में बदलाव के लिए प्रेरणास्रोत बनती हैं।

भारतीय महिला टेस्ट और एकदिवसीय टीम की कप्तान ने कहा मुझे पूरी उम्मीद है कि मेरी यात्रा देश भर की युवा लड़कियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी। मिताली ने दो दशक से लंबे करियर में देश के लिए 12 टेस्ट, 220 एकदिवसीय और 89 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया है।

उन्होंने लिखा जब मैं बड़ी हो रही थी और इस खेल में करियर बनाने का सोचा तो मेरा सपना था कि टीम इंडिया की जर्सी पहनूं। मैं हमेशा से ही भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहती थी जो देश के लिए गर्व की बात है। भारतीय क्रिकेट का हिस्सा बनने पर गौरवान्वित महसूस करती हूं। यह सफर शानदार रहा लेकिन मेंटॉर, परिवार, दोस्त और अपनी टीम की खिलाड़ियों के साथ के बिना यह संभव नहीं था। सरकार की तरफ से किसी भी तरह का सम्मान अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करता है।

## व्यापारन्यूज

### सरकार सौर विनिर्माण के लिए सहायता बढ़ाकर 24,000 करोड़ करेगीः आरके सिंह

**नई दिल्ली ।** सरकार घरेलू सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत वित्तपोषण बढ़ाकर 24,000 करोड़ रुपए करेगी। अभी यह राशि 4,500 करोड़ रुपए है। बिजली और नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा ?कि हम सोलर सेल और मॉड्यूल्स के लिए 4,500 करोड़ रुपए की पीएलआई योजना लेकर आए। हमने बोलियां आमंत्रित कीं और हमें सौर उपकरणों के लिए 54,500 मेगावॉट क्षमता हासिल हुई। हमने सरकार से इस योजना के तहत 19,000 करोड़ रुपए और देने को कहा है। सैद्धान्तिक रूप से इसे मंजूरी मिल चुकी है। अब हमारे पास 24,000 करोड़ रुपए की पीएलआई योजना है। हम सौर उपकरणों का निर्यात करेंगे। फिलहाल देश में सौर मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता 8,800 मेगावॉट की है। जबकि सौर सेल की विनिर्माण क्षमता 2,500 मेगावॉट है। इस साल अप्रैल में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सौर पीवी मॉड्यूल्स के घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए 4,500 करोड़ रुपए की पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत एकीकृत सौर पीवी मॉड्यूल्स की विनिर्माण क्षमता में 10,000 मेगावॉट जोड़ने का लक्ष्य है। इसके लिए वर्तमान में 17,200 करोड़ रुपए के सीधे निवेश की जरूरत होगी।



कुवैत सिटी में आयोजित एक कार शो के दौरान क्लासिक कार को देखते लोग।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.14 अरब डॉलर घटा

**मुंबई ।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.14 अरब डॉलर घटकर 640.87 अरब डॉलर पर आ गया, जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.91 अरब डॉलर बढ़कर 642.02 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंक? के अनुसार 5 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे ब?ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 88.1 करो? डॉलर घटकर 577.58 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान स्वर्ण भंडार 23.4 करो? डॉलर गिरकर 38.77 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.7 करो? डॉलर कम होकर 19.28 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह अंतररष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.4 करो? डॉलर घटकर 5.22 अरब डॉलर पर आ गया।

### मणप्पुरम फाइनेंस का मुनाफा 8.8 फीसदी गिरा

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मणप्पुरम फाइनेंस का मुनाफा समेकित लाभ आय में आई गिरावट से 8.8 फीसदी गिरकर 369.88 करोड़ रुपए पर आ गया। गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसका मुनाफा 405.44 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी के मुताबिक एक साल पहले की तुलना में जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका लाभ 8.8 फीसदी गिरा है। हालांकि दूसरी तिमाही में उसकी समेकित प्रबंधन-अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) 5.7 फीसदी की वृद्धि के साथ 28,421.63 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। मणप्पुरम फाइनेंस की परिचालन से होने वाली आय में 2.15 प्रतिशत की कमी आई है। यह एक साल पहले की समान अवधि के 1,565.58 करोड़ रुपए से घटकर 1,531.92 करोड़ रुपए पर आ गई।

## महंगाई और वैश्विक बाजारों के रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशाः विश्लेषक

**नई दिल्ली ।** कंपनियों के तिमाही प?रिणामों का सीजन लगभग समाप्त हो चुका है। ऐसे में कम कारोबारी सत्रों वाले इस सप्ताह में शेयर बाजारों की दिशा वै?श्विक रुख, औद्योगिक उत्पादन, खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक बढ़ती महंगाई के प्रभाव का आकलन कर रहे हैं। अमेरिका और चीन ने पिछले सप्ताह मुद्रास्फीति के जो आंकड़े जारी किए हैं उनसे उम्मीद से पहले ब्याज दरों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसके साथ ही बांड पर प्राप्ति बढ़ी है। अमेरिका में अक्टूबर में मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 30 साल के उच्चस्तर 6.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वहीं चीन में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत बढ़ा है। उत्पादक मूल्य सूचकांक में सालाना आधार पर 13.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।मुद्रास्फीति की चिंता तथा उम्मीद से पहले ब्याज दरों में बढ़ोतरी से स्थानीय बाजार प्रभावित हो सकते हैं। इस तरह के संकेतकों की वजह से विदेशी निवेशक भारत जैसे उभरते बाजारों से अपनी पूंजी



निकाल सकते हैं। स्थानीय बाजार लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद शुक्रवार को चढ़ गए। बीते सप्ताह तीन दिन बाजार टूटा लेकिन इसके बावजूद साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 619.07 अंक चढ़ गया।

बाजार के जानकारों का कहना है कि दूसरी तिमाही के नतीजों के बीच शेयर विशेष आधारित गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। अब बाजार का ध्यान वैश्विक संकेतकों पर रहेगा। उनका कहना है ?कि तिमाही नतीजों और त्योहारों का सीजन अब पीछे छूट चुका है। ऐसे में बाजार प्रभावित हो सकते हैं। मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी की वजह से यदि विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाली करते हैं, तो स्थानीय कंपनियों का समर्थन नहीं मिलने पर यहां बाजारों में गिरावट आएगी। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े सोमवार को आएंगे। इस सप्ताह कम कारोबारी सत्र रहेंगे। शुक्रवार को गुरुनानक जयंती पर बाजार में अवकाश रहेगा। तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त हो चुका है। कुछ छोटी और मध्यम आकार की कंपनियों के ही परिणाम अब आने शेष हैं।

### देश का कोयला आयात अप्रैल-सिंतबर में 12.6 प्रतिशत बढ़कर 10.73 करोड़ टन

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष के पहले छह माह (अप्रैल-सितंबर) के दौरान देश का कोयला आयात 12.6 प्रतिशत बढ़कर 10.73 करोड़ टन पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में कोयला आयात 9.53 करोड़ टन रहा था। एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। एमजंकशन टाटा स्टील और सेल का संयुक्त उद्यम है। यह एक बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी है जो कोयले पर शोध रिपोर्ट भी प्रकाशित करती है। हालांकि, सितंबर महीने में कोयला आयात घटकर 1.48 करोड़ टन रह गया, जो पिछले साल के समान महीने में 1.90 करोड़ टन से अधिक था। सितंबर में कोयले के आयात में 21.97 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। एमजंक्शन सर्विसेज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा ?कि सितंबर में कोयले के आयात में गिरावट उम्मीद के अनुकूल है। इसकी वजह वैश्विक बाजारों में तापीय और कोकिंग कोयले की कीमतों में बढ़ोतरी है। समुद्री मार्ग से आने वाले कोयले की कीमतों में जबतक उल्लेखनीय कमी नहीं आती है, यह रुख जारी रहेगा। सितंबर में कुल कोयला आयात में नॉन-कोकिंग कोल का हिस्सा 92.2 लाख टन रहा। पिछले साल सितंबर में यह आंकड़ा 1.19 करोड़ टन रहा था। वहीं इस दौरान कोकिंग कोयले का आयात 45.8 लाख टन से घटकर 42.7 लाख टन पर आ गया।

## बीमा उत्पाद अभिभावकों के लिए बचत और निवेश का पसंदीदा विकल्प बनकर उभरा

**नई दिल्ली ।** कोविड-19 के बाद बीमा उत्पाद अभिभावकों के लिए बचत और निवेश का पसंदीदा विकल्प बनकर उभरे हैं। सर्वेक्षण के अनुसार भविष्य के लक्ष्यों को पूरा करने की दृष्टि से बीमा उत्पाद कम जोखिम वाले और विश्वसनीय वित्तीय माध्यम हैं। सर्वे से पता चलता है कि शिक्षा के लिए बचत ने अन्य जीवन लक्ष्यों की तुलना में प्राथमिकता ली है।सर्वेक्षण बच्चों की शिक्षा की योजना बनाने में भारतीय माता-पिता की वित्तीय तैयारियों पर महामारी के प्रभाव को समझने के लिए किया गया है।सर्वेक्षण देश के 11 शहरों में ऑनलाइन माध्यम से हुआ। इसमें 1,333 इसतरह के अभिभावकों की राय ली गई, जिनके बच्चों की उम्र 10 साल से कम है। सर्वेक्षण में कहा गया कि माता-पिता शिक्षा की बढ़ती लागत को देखकर शादी या करियर जैसे अन्य लक्ष्यों की बजाय शिक्षा के लिए बचत को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसमें माता-पिता की अपने बच्चों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान की इच्छा भी शामिल है।

सर्वेक्षण में शामिल दो-तिहाई अभिभावकों (माता-पिता) ने अपने बच्चों के शैक्षणिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप), मनीबैक प्लान और एंडाउमेंट प्लान जैसे जीवन बीमा समाधानों में निवेश किया है। सर्वेक्षण में अधिकांश माता-पिता ने कहा कि वे अपने बच्चे के कॉलेज या उच्च शिक्षा के लिए बचत करना पसंद करेंगे। वही 40 प्रतिशत माता-पिता का कहना है कि वे अपने बच्चों की स्कूली शिक्षा के लिए बचत करेंगे। अधिकांश माता-पिता पहले से ही अपने बच्चे की शिक्षा के लिए एक अलग प्रावधान कर चुके हैं।

## फाल्गुनी नायर अपने दम पर बनी भारतीय उद्योग जगत की नायका

**नई दिल्ली ।** फाल्गुनी नायर की कंपनी नायका स्टॉक एक्सचेंज में प्रवेश करने वाली भारत की पहली महिला-नेतृत्व वाली कंपनी बन चुकी है और उन्होंने अपने बलबूते देश की सबसे रईस महिलाओं में शुमार होकर यह साबित कर दिया है कि महिलाओं की किसी उपलब्धि पर पुरूषों के साथ उनकी तुलना या उन्हें पुरूषों के बराबर आंकना अब बेमानी है क्योंकि महिलाएं पुरूषों से कमतर तो कभी थी ही नहीं। फाल्गुनी की सफलता की यह कहानी किसी परिकथा से कम नहीं है। उन्होंने खुद से यह वादा किया था कि 50 साल की उम्र में वह अपना खुद का व्यापार शुरू करेंगी और 2012 में उन्होंने नायका की स्थापना करके इस वादे को निभाया। हालांकि उस वक्त उन्हें तो क्या दुनिया में किसी को यह एहसास नहीं था कि एक दिन उसी व्यापार की वजह से वह उद्योग जगत की मलिका बन जाएंगी। ब्लूमबर्ग की अरबपतियों की सूची में फाल्गुनी से पहले सिर्फ छह भारतीय महिलाओं को शामिल किया गया था। 58 वर्ष की फाल्गुनी नायका के लगभग आधे शेयर्स पर मालिकाना हक रखती हैं और स्टॉक एक्सजेंज में लिस्टिंग के साथ उनके शेयर्स में आए जबर्दस्त उछाल के बाद उनकी नेटवर्थ 6.5 अरब डॉलर पर



पहुंच गई है। एक समय सिर्फ महिलाओं में पहचाना जाने वाला यह नाम आज दुनियाभर में गूंज रहा है।

देशभर में उनकी कंपनी के 70 स्टोर और 1500 से अधिक ब्रांड हैं। फाल्गुनी का जन्म 19 फरवरी 1963 को मुंबई में रहने वाले एक गुजराती परिवार में हुआ। उन्होंने मुंबई में स्नातक स्तर की पढ़ाई करने के बाद अहमदाबाद के प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान से उच्च शिक्षा ग्रहण की। पढ़ाई पूरी करने के बाद 1985 में नायर ने प्रबंधन परामर्श कंपनी ए एफ फर्गुसन एंड कंपनी में काम करना शुरू किया और 1993 में कोटक महिन्द्र ग्रुप के साथ जुड़ गईं। इस दौरान उन्होंने कामयाबी के नये आयाम स्थापित किए और कोटक महिंद्रा इन्वेस्टमेंट बैंक की प्रबंध निदेशक तथा कोटक सिक्योरिटीज में निदेशक के पद पर रहीं। 50 की उम्र तक पहुंचते पहुंचते अमूमन लोग रिटायरमेंट और उसके बाद के बारे में सोचने लगते हैं, लेकिन फाल्गुनी ने इस उम्र में एक बहुत बड़ा दांव खेला और अपनी बेहतरीन नौकरी छोड़कर नायका की शुरुआत की। दरअसल उस समय देश में महिलाओं के लिए विशिष्ट सौंदर्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी न होने के कारण नायका को देश की महिलाओं ने हाथों हाथ लिया। उसके बाद की कहानी तो अब हर किसी की जुबान पर है। नायका संस्कृत का शब्द है, जिसका अर्थ होता है।

# लूट के 20 दिन बाद भी बदमाशों का पता नहीं लगा पाई पुलिस

### कियोस्क सेंटर संचालक से लूटे थे ढाई लाख रूपये

**भिण्ड।** मालनपुर में बीते 27 अक्टूबर को कुछ बदमाशों ने कियोस्क सेंटर संचालक से मारपीट कर ढाई लाख रुपए की रकम लूटी थी। यह घटना के बाद पूरे दिन पुलिस पड़ताल में जुटी रही थी। फिर छह घंटे बाद फरियादी की रिपोर्ट दर्ज हो सकी थी। यह घटना हुए अब 20 दिन बीत गए। पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। विगत 27 अक्टूबर को कमल कियोस्क सेंटर संचालक अमित शर्मा और उसका भाई चंद्रभान शर्मा बैठे थे। भाई किसी काम से तीन लाख रुपए घर से लाया आया था। फरियादी ने पुलिस को बताया था कि दोपहर करीब पौने बारह बजे कुछ बदमाश दुकान के अंदर आ गए। जिन्होंने चेहरा बांध रखे थे। इसके अलावा कुछ बाहर खड़े रहे। दुकान के अंदर आए बदमाशों ने सिर पर कट्टा अड़ाया और रकम लूट ले गए। इस दौरान बदमाशों ने मारपीट भी की थी।

बदमाश लूट की वारदात के बाद ग्वालियर की ओर भागे। यह सूचना पर मालनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद गोदह एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी भी मौके पर आए गए। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया तो एक अलटो कार आई और उसमें से चार युवक चेहरा बांधकर कियोस्क सेंटर में प्रवेश हुए। यह कार पर नंबर प्लेट नहीं थी। कुछ युवक कियोस्क सेंटर के बाहर खड़े हुए थे। लुटेरे, लूट की वारदात के बाद ग्वालियर की ओर भागे।

### पुलिस ने आरोपियों की तलाश की ढीली

इस मामले में पुलिस मामले को पहले दिन से संदिग्ध मानकर चल रही है। इस मामले में पुलिस ने जब आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे तो कार आना। चेहरा बांधे हुए लोगों का कियोस्क सेंटर के अंदर जाना कुछ ही मिनटों में फिर आना दिखा। इसके बाद पुलिस को टोलप्लाजा पर बदमाशों की तलाश करने में असफल रही। यहां भी कार दिखी परंतु बदमाश बिना टैक्स दिए निकले। इसलिए कोई खास सफलता हासिल नहीं हो सकी।

### पुलिस जल्द करेगी खुलासा

इस मामले में एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी का कहना है कि पुलिस इस मामले की तहकीकात में लगी है। जल्द ही आरोपियों को पुलिस पकड़ लेगी और मामले का खुलासा करेगी।

### जांच के यह बिंदु महत्वपूर्ण

लूट की वारदात के समय एक बिना नंबर की कार का उपयोग किया गया है। यह सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है। सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा है। वारदात के समय कार का उपयोग किया गया है उस पर तीन पहिया पर व्हीलकवर है। एक पहिया पर व्हील कवर नहीं है। सीसीटीवी कैमरे में कार पर पॉल्यूशन कार्ड लगा हुआ दिख रहा है। इसके अलावा फास्ट टैग भी लगा है (जोकि पुराना होने से टोलप्लाजा पर अनुपयोगी रहा था।) मालनपुर पुलिस को यह वारदात के समय सीसीटीवी कैमरे में कार ग्वालियर की तरफ से आना और वारदात के बाद ग्वालियर की ओर जाना रिकॉर्ड हुआ है। पॉल्यूशन कार्ड और फास्ट टैग कार्ड पर दर्ज नंबर के आधार पर पुलिस कार के रजिस्ट्रेशन नंबर पड़ सकती है। इसके बाद कार मालिक यानी

## वन विभाग ने लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा, चालक व मालिक गिरफ्तार



**भिण्ड।** वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से ले जाई जा रही लडक़ी से भरे एक ट्रक को पकड़ा है। टीम ने जब चालक से दस्तावेज मांग तो कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने लडकी के ट्रक को पकड़कर कार्यालय में लड़की सहित सीज कर दिया है और चालक को गिरफ्तार किया। चालक व लकड़ी मालिक के खिलाफ वन अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया सोमवार दोपहर वन विभाग के अधिकारियों को लकड़ी तस्करी की सूचना मुखबिर जरिए मिली तो तुरंत दलबल के साथ शहर के आरटीओर बैरियर पर चैकिंग लगाई, इसी दौरान एक लकड़ी से भर ट्रक गुजरा तो उन्होंने रोक जिसके बाद लकड़ी मालिक राजकुमार पुत्र सुरेश कुमार राजपूत निवासी अहमद नगर, जिला सीतापुर उप्र, ट्रक ड्राइबर परमानंद पुत्र रविन्द्र गुर्जरनिवासी तहसील मुरैना पिपरई हनुमान पुरा से लकड़ी संबंधित दस्तावेज मांग तो कोई भी नहीं दिखा पाया, जिसके बाद टीम ने दोनों को हिरासत में लिया और ट्रक को कब्जे में लेकर कार्यालय लेकर गये। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## 21 वर्ष से पुलिस को चकमा दे रहा स्थायी वारंटी को अटेर पुलिस ने कानपुर से किया गिरफ्तार

**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरप ूसे तथा अटेर एसडीओपी सुरेन्द्र तोमर के मार्गदर्शन में स्थायी वांरटियों के धर पकड़ अभियान के तहत अटेर पुलिस ने एक 21 वर्ष से पुलिस को चकमा दे रहे आरोपी को कानपुर से धर दबोचा। अटेर थाने में पदस्थ्य सब इस्पेक्टर अतुल सिंह भदौरिया से मिली जानकारी के अनुसार स्थायी वांरटी आरोपी रामबरन सिंह पुत्र भैयालाल उम्र 50 वर्ष निवासी उदोतगढ़ विगत 21 वर्षों से विभिन्न अपराध क्र. में 223/03, 50/85ए 150/95ए 205/04 में फरार चल रहा था, जिसको पकडने के लिए अटेर पुलिस ने कई बार उसके गुप्त ठिकानों पर दविश दी, लेकिन वह पुलिस को हर बार चकमा दे रहा थाए तभी न्यायालय द्वारा बार-बार स्थायी वारंट जारी किया जा रहा थाए तभी अटेर पुलिस ने मुखबिर की गुप्त सूचना पर कानपुर से धर दबोचा। आरोपी को गिरफ्तार करने में सब इस्पेक्टर अतुल सिंह भदौरिया, आरक्षक योगेन्द्र, देवेन्द्र, अभिषेक तथा विशाल का विशेष योगदान रहा।

**फोन से डीलिंग कर बेच डाला घर द्वार व खेती, फिर भी नहीं बचा आरोपी:** आरोपी के गिरेवान तक पहुंचने में अटेर पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी, आरोपी रामबरनसिंह इतना गहरा शातिर माइंडेट था कि उसने सब कुछ नामोनिशान उदोतगढ़



## झुग्गी-झोपडी बस्ती के बच्चों ने बाल दिवस पर लिया रेस्टोरेंट के खाने का स्वाद

**भिण्ड।** मानवता की पाठशाला के संयोजक बबलू सिन्धी ने कहा जाता है कि जिस देश के बच्चे प्रतिभाशाली होते हैं उस देश को उन्नति के पथ पर अग्रसर होने से कोई नहीं रोक सकता । बच्चे ही देश का भविष्य तय करते हैं इसीलिए देश के हर नागरिक को बच्चों को शिक्षित एवं समृद्ध बनाने का भरसक प्रयास करना चाहिए। असल शब्दों में कहें तो हम बाल दिवस का सार्थक अर्थ तब प्राप्त कर पाएंगे जब शिक्षा एवं समाज से वंचित बच्चों को एक ऐसा मंच प्रदान करने में किसी ना किसी रूप में योगदान देते रहें जहां ऐसे बच्चे अपने भावनाओं को प्रकट कर सकें इसी तारतम्य में बाल दिवस के पावन अवसर पर मानवता की पाठशाला ग्रुप द्वारा झुग्गी झोपडी बस्ती के बच्चों को उनकी इच्छानुसार। रेस्टोरेंट में ले जाया गया। यहां पहुंच कर बच्चे अपने आप को काफी उत्साहित एवं प्रफुल्लित महसूस कर रहे थे, उन्होंने लजीज़ व्यंजनो का लुत्फ भी उठाया एवं डीजे फ्लोर पर डांस भी किया। मानवता की पाठशाला द्वारा समय-समय पर बच्चों के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। बच्चों के भविष्य को लेकर सम्पूर्ण मानवता ग्रुप मंगल कामना करता है। इस अवसर पर बबलू सिंधी, तिलक सिंह भदौरिया, श्रीमती माधवी चौधरी, रश्मी भदौरिया, रानी जैन, आशा जैन, सिमरन जैन,जूही जैन, दीपिका अवस्थी, सोनम गुप्ता, दीक्षा गुप्ता, वर्षा चौधरी, तान्या राजावत, चांदनी राजावत, वंशिका बालवानी, माही चावला, दिव्यम बालवानी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस व माइनिंग ने सिंध नदी पर दी दबिश, आठ पनडुब्बी करायी नष्ट



**भिण्ड।** कलेक्टर सतीश कुमार एस ने अवैध रेत उत्खन्न व परिवहन पर सख्ती से रोक लगा रही है, जिसके बाद भी रेत माफिया उत्खनन व परिवहन करने में लगे हुए है जिसकी शिकायत कलेक्टर पर पहुंची तो उन्होंने अभियान के तहत एडीएम प्रवीण फुलपगारे, एएसपी कमलेश कुमार खरपूसे, संयुक्त कलेक्टर वरुण अवस्थी, एसडीएम मेहगांव केवी विवेक, नायब तहसीलदार अमायन एवं माइनिंग इंस्पेक्टर देशमुख सहित पुलिस बल एवं होमगार्ड की टीम द्वारा ग्राम कछार में सिंध नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन कार्य में लगी आठ पनडुब्बियों को मौके पर पकड़ लिया और तुरंत टीम ने सभी को नष्ट कराया। लेकिन को अपने साथ में लेकर नहीं आये।

### अटल प्रोग्रेस वे के अन्तर्गत परिसंपत्तियों के मूल्यांकन हेतु चिन्हित गांवो में 21 नवम्बर तक शिविरों का आयोजन

**भिण्ड ।** अटल प्रोग्रेस वे मार्ग हेतु अर्जित की जाने वाली शासकीय/अशासकीय भूमियों पर स्थित लोक परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कर शासकीय भूमि विनियम के तहत प्रदाय किये जाने हेतु कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार 21 नवम्बर 2021 तक चिन्हित गांवो में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में ऐसे ग्राम जिनमें चिन्हित हितग्राहियों को शासकीय भूमि विनियम के तहत प्रदाय की जाने हेतु 21 ग्रामों में कैम्प आयोजित किये जाऐंगे। जिनमें 16 नवम्बर को, कोषण एवं बिजोरा में 17 नवम्बर को, कदौरा, घिनौची, रैपुरा एवं विण्डवा में 18 नवम्बर को, नावली वृंद्रावन में 19 नवम्बर को, अहरोली काली में 20 नवम्बर को एवं खेराहट में 21 नवम्बर 2021 को कैम्प आयोजित किये जाएंगे। उक्त कैम्पों में उपस्थित हितग्राहियों को भूमि विनियम के तहत प्राप्त होने वाली शासकीय भूमि को उन्नत किये जाने संबंधी शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाये जाने एवं उक्त योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी प्रदाय करने एवं प्रभावित हितग्राहियों को शासन की विभिन्न विभागीय योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ दिये जाने हेतु आयोजित उपरोक्तानुसार कैम्पों में ग्रामीण एवं पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, पषु चिकित्सा विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, एनआरएलएम विभाग आदि के अधिकारी/कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर प्रभातफेरी एवं जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मेहगांव।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहगांव के विद्यालय में जिला न्यायाधीश प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष अक्षय कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में एवं अशोक कुमार गुप्ता के निर्देशन में आज रैली का आयोजन किया गया उक्त रैली में राकेश कुशवाह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मेहगांव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली की रवानगी की गई राकेश कुमार कुशवाहा न्यायिक मजिस्ट्रेट मेहगांव ने रैली को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में छात्रों को व्यक्त किया कि हमारे बुजुर्गों ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी थी आज हमें अपने आप से अच्छे संस्कारों के लिए लड़ना है और एक दूसरे पर कानूनी बारीकियों को समझाते हुए गलत मार्ग से दूर रहकर अच्छे मार्ग पर चलना है इसी क्रम में राम निवास भदोरिया एडवोकेट द्वारा विचार व्यक्त किए। शिक्षित व्यक्ति और समाज की बेहतर सेवा कर सकता है शिक्षा की द्य परिभाषा में कहा कि शिष्टाचार और क्षमता का विकास करने की पद्धति शिक्षा है व्याख्याता राम निवास शर्मा ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यवहार परिवर्तन होना है इसी क्रम में सभी सम्मानीय अतिथि गणों का



आभार व्यक्ति प्राचार्य आरडी मित्तल द्वारा व्यक्त किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं विधिक सहायता श्रीमती प्रीति दोहरे एवं देवेंद्र भारद्वाज उपस्थित रहे पुलिस विभाग से राजवीर शर्मा एसआई एवं तिवारी एएसआई एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

## मेंहदी के माध्यम से बाल सरंक्षण पर जागरूकता अभियान, हाथ पर लिखा सेव चाइल्ड



**भिण्ड।** सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का एक के तत्वाधान में शासकीय एमजेएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा महफूज कार्यक्रम के अंतर्गत बाल संरक्षण के प्रति समाज को जागृत करते हुए मेहंदी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया । उक्त कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल परिसर में वैक्सीनेशन कार्यालय में किया गया। इसमें प्रोफ़ेसर देवेंद्र तोमर संयोजक विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना द्वारा बताया गया कि बाल धन राष्ट्र संपत्ति है जो कि देश का भविष्य है इसकी रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## कनाथर में चल रही भागवत कथा के पांचवे दिन हुआ भगवान श्री कृष्ण का जन्म



**मेहगांव।** मेहगांव के कनाथर में चल रही भव्य व दिव्य भागवत महापुराण की पांचवे दिवस की कथा में कथा वाचक आचार्य पंडित विमल कृष्ण महाराज ने क्षेत्र के भक्तों को भक्त वत्सल भगवान की अपार कृपा और भक्त व भगवान के बीच के संबंध को भी बताया। कथा वाचक विमल कृष्ण महाराज के मुखाग्र से आज भगवान कृष्ण के जन्म की लीला और मंचन हुआ। जिसके बाद गोकुल की अठखेलियाँ, पूतना जैसे दैत्यों के भगवान के बाल स्वरूप में बध किया भगवान श्रीहरि का अत्याचारियों और दैत्यों का सर्वनाश करने के लिये हर युग मे अवतार हुये है। तदुपरांत भगवान ने इंद्र देव की पूजा बंद कराकर गोबरधन की पूजा कराई जिससे गोकुल वासियों को उनके गुस्सा से बचाने के लिये गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाया था जिसके बाद सभी गोकुल वासी उन्हें गिरधारी के नाम से पुकारने लगे। आगे कंस वध की कथा हुई और भगवान कृष्ण की द्वापर के अवतार का महत्व बताया। कथा में भगवान के अवतार, और चरित्र का विस्तार से वर्णन कर समस्त क्षेत्रवासियों को भागवत कथा का लाभ दिया। आचार्य के.के. पंडित जी की प्रेरणा और आशीर्वाद से चल रही भागवत कथा को श्रवण करने क्षेत्र के हजारों लोग दूर दूर से पधार रहे है तथा ऑनलाइन यूट्यूब के माध्यम से भी लाखों लोग कथा से जुड़ रहे है। आचार्य के के पंडित जी ने बताया है कि कलयुग में मोक्ष, ज्ञान और सांसारिक व मानव जीवन में भागवत का विशेष महत्व है जिसे सुनकर हम धर्म परायण होकर बहुत पुण्य प्राप्त कर सकते है।कथा में आज श्री श्री 1008 श्री कमलदास महाराज जी ने आशीर्वाद दिया।

## गांव-गांव जाकर सरकार की विफलताओं से जन-जन को कराया रूबरू



### धार्मिक मुद्दों में उलझा कर सरकार ने लोगों को किया है गुमराहः मानसिंह

**भिण्ड।** जन जागरण अभियान के द्वितीय चरण में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने गांव-गांव जाकर सरकार की विफलताओं से न सिर्फ रूबरू कराया, बल्कि बताया कि किस प्रकार मौजूदा सरकार लोगों को धार्मिक मुद्दों में उलझा कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रही हैं। जिसके कारण आज देश में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है आम आदमी को जीवन यापन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।मध्यम वर्ग का परिवार एक वक्त का खाना तक नहीं खा पा रहा है। श्री कुशवाह ने कहा पेट्रोल डीजल एवं गैस की दरों में वृद्धि होने के कारण आमजन का जीना बेहाल हो गया है। लिहाजा बेरोजगारी के कारण घरों में ग्रह कलेश शुरू हो गया है जिसका खामियाजा 1 वर्ष में भिंड जिले भर मैं 87 लोगों ने अपनी जान देकर चुकाया है। देश के अन्नदाता को सताया जा रहा है। तीन काले कानून लागू करने वाले किसानों को अपनी गाड़ियों के नीचे रौंदकर हत्या करने का काम मौजूदा सरकार के द्वारा किया जा रहा है। यह भाजपा सरकार मानवता भूलकर निजीकरण में व्यस्त है। इन्हीं सब मुद्दों से कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने देपुरा, कछपुरा, गोकुल पुरा, अमायन की चिरैया पट्टी में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया वही 2023 में आने वाले चुनाव में मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंक जनता हितेषी सरकार को चुनने के लिए कहा।

# जिला अस्पताल में खुलेआम गुंडागर्दी, रूबदमाशों ने एम्बुलेंस पर चलाई गोलियां

### पुरानी रंजिश के चलते तीन एंबुलेंस में की तोडफोड, चार गिरफ्तार, दो फरार

**भिण्ड।** शहर में नशे में धुत आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने देर रात हंगामा किया। पहले इन बदमाशों ने गोल मार्केट पर एक युवक के साथ मारपीट की। इसके बाद वे जिला अस्पताल जा पहुंचे। जहां एम्बुलेंस चालक से पुरानी रंजिश के चलते कट्टे से फायर किया। कट्टे से निकली गोली एम्बुलेंस में जा लगी। इसके बाद बदमाशों ने दो एम्बुलेंस व एक निजी वाहन के साथ जमकर तोडफोड की। यह घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची तो आरोपियों ने एक दरोगा से झूमाझटकी की। इसके बाद मौके पर पुलिस फोर्स पहुंचा। पुलिस ने चार आरोपियों को दबोच लिया है। दो फरार है।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक हेवदपुरा निवासी अनिल पुत्र उजागर सिंह यादव के साथ यदुनाथ नगर में रहने वाले सौरभ पुत्र लालजी राजावतए राघव, राज सिंह, अर्जुन सिंह भदौरिया व भोलू ने मारपीट की शराब के लिए पैसा मांग। इसके बाद बदमाश बाइकों पर सवार होकर जिला अस्पताल पहुंचे। रास्ते में जो भी मिला उसके साथ गाली-गालौज व मारपीट करते हुए जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने एम्बुलेंस चालकों को निशाना बनाया। यहां एक एम्बुलेंस चालक राहुल पुत्र कमलेश भदौरिया दिखा। इससे इन युवकों की पुराना विवाद चला आ रहा था। राहुल भदौरिया निवासी वीरेंद्र नगर को देखते हुए बदमाश सौरभ सिंह राजावत ने कट्टे से गोली चला दी। एक गोली साइड से होकर निकल गई। दूसरी गोली एम्बुलेंस में जा लगी। फरियादी राहुल ने एम्बुलेंस की ओट लेकर स्वयं को सुरक्षित किया। राहुल को बचता देख सभी बदमाशों ने एम्बुलेंस की तोडफोड शुरू की। एक के बाद दूसरी फिर एक निजी वाहन को निशाना बनाया। इस दौरान एम्बुलेंस चालक और अटेंडरों ने बदमाशों की गुडागर्दी का विरोध किया तो उन्होंने कट्टे की दम पर धमकाना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस कंट्रोल रूम में बदमाशों द्वारा हॉस्पिटल में गुंडागर्दी की किए जाने की शिकायत की। इस पर नाइट गश्त पर तैनात गोहद थाना प्रभारी गोपाल सिंह सिकरवार एक दरोगा के साथ अस्पताल पहुंचे। यहां थाना प्रभारी सिकरवार व दरोगा ने बदमाशों को रोकना चाहा तो बदमाशों ने पुलिस को दबंगई दिखा और बोला कि तुम मुझे जाने नहींए मैं पूर्व विधायक का भतीजा हूं। इसके बाद थाना प्रभारी सिरकवार ने कोतवाली थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा को फोन पर बदमाशों द्वारा उपद्रव किए जाने की सूचना दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई।



### इनका कहना हैः

सौरभ पुत्र लालजी राजावत, राघव, राज सिंह, अर्जुन सिंह भदौरिया व भोलू दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने सभी की खैर खबर लेते हुए हैकडी निकाली। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मारपीट, अवैध वसूली, अस्पताल परिसर में गुडागर्दी समेत जानलेवा हमले की धाराओं में आरोपी बनाया।

**-राजकुमार शर्मा,** थाना प्रभारी सिटी कोतवाली भिण्ड

## बिरसा मुंडाः आदिवासी-कल्याण

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

आज महान आदिवासी योद्धा बिरसा मुंडा का जन्म-दिन है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में रानी कमलापति स्टेशन का उद्घाटन किया और आदिवासियों के भले के लिए कई नई योजनाएं शुरु कीं। मध्यप्रदेश में आदिवासियों की संख्या सारे प्रदेशों से ज्यादा है। वे भारतीय जनता के सबसे ज्यादा गरीब और उपेक्षित लोग हैं। अंग्रेजों के ज़माने में उन्होंने अनेक अत्याचार सहे, धर्म-परिवर्तन की आंधियों से वे गुजरे और आजादी के बाद भी उनकी दशा में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ लेकिन मध्यप्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आदिवासियों के उत्थान के लिए कई ऐसी पहल की हैं, जिनका अनुकरण लगभग सभी प्रदेश करें, यह जरुरी है। जैसे अब आदिवासियों को अपना राशन लेने के लिए अपने गांवों से शहरों तक पैदल या अन्य साधनों से जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। अब उन्हें घर बैठे राशन मिला करेगा। मध्यप्रदेश में ऐसे-ऐसे आदिवासी इलाके हैं, जिनमें कई बूढ़े लोगों ने मुझे बताया कि वे अपने 'पाताल लोक' से कभी सड़क पर गए ही नहीं। उन्हें पता ही नहीं कि कोई गांव या शहर कैसे होता है? वे अपने जंगल में ही पैदा होनेवाले अनाज, फूल-पत्तों, सब्जियों, फलों और जानवरों के मांस से अपनी भूख मिटाते हैं। कई इलाकों में स्त्री-पुरुष लगभग नग्न ही रहते हैं। बीमार पड़ने पर वे अपना इलाज जंगली जड़ी-बूटियों से ही करते हैं। उन्हें पता ही नहीं कि बिजली के बल्ब का प्रकाश और नल का पानी कैसा होता है। अब उन्हें एक चिकित्सा कार्ड भी मिलेगा ताकि वे अपना इलाज करवा सकें। पूरे देश में आज से 50 एकलव्य आदर्श विद्यालय भी स्थापित किए जाएंगे, जिनमें आदिवासी बच्चों को शिक्षा, निवास और खान-पान की मुफ्त सुविधा दी जाएगी। आज भोपाल में जन जातीय लोगों द्वारा रचित उपयोगी वस्तुओं और कलाकृतियों का प्रदर्शन भी हो रहा है। यदि भारत सरकार इन आदिवासी वस्तुओं का व्यापार बड़े पैमाने पर शुरु करवा दे तो करोड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा और उनके जीवन-स्तर अपने आप ऊँचा उठेगा। देश के आदिवासियों के कल्याण के लिए मप्र की सरकार ने यह दिन इसीलिए चुना है कि यह दिन (15 नवंबर) महान आदिवासी योद्धा बिरसा मुंडा का जन्म-दिवस है। बिरसा मुंडा मुश्किल से 25 साल जिए लेकिन इस अल्प अवधि में ही आदिवासी जनता के लिए उन्होंने ऐसा जबर्दस्त संघर्ष किया था कि उससे लंदन का तख्त हिल गया था। बिरसा 1875 में पैदा हुए और 1900 में उनका देहांत हुआ। उन्होंने अंग्रेजों के धर्म-परिवर्तन अभियान का डटकर विरोध किया। उनका कहना था कि अंग्रेज सरकार ईसाइयत के नाम पर भारत में गुलामी को मजबूत कर रही है। आदिवासियों को लालच, भय, ठगी आदि के जरिए अंग्रेज अपने जाल में फंसाकर गुलामी बढ़ा रहे हैं। बिरसा ने अपना ही आदिवासी धर्म चला दिया। अंग्रेज ने युवा बिरसा को जेल कर दी और बाद में जेल में ही उनकी मृत्यु हो गई। बिरसा मुंडा पर कई फिल्में बनी हैं, उपन्यास लिखे गए हैं और उन्हें आदिवासी लोग भगवान की तरह मानते हैं। उनके जन्म दिन को जनजाति कल्याण दिवस के रुप में मनाना सही है।

# दिल्ली में सांसों पर खड़ा संकट

**प्रभुनाथ शुक्ल**

दिल्ली में प्रदूषण बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। ठंड की दस्तक के साथ ही वायु प्रदूषण ने अपना करिश्मा दिखाना शुरू कर दिया। वायु प्रदूषण अधिक बढ़ने से लोगों की सांसे थमने लगी हैं। यह मसला साल-दर-साल का है, लेकिन दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए किसी ठोस नीति पर अमल नहीं हुआ। सुप्रीमकोर्ट अक्सर वायु प्रदूषण को लेकर तल्ख़ और गंभीर टिप्पणी करती है,

लेकिन बात जहां की तहां रह जाती है। दिल्ली दुनिया के 10 प्रदूषित शहरों में सबसे अधिक प्रदूषित है। मुंबई और कोलकाता भी इसमें शुमार है।लेकिन दिल्ली जैसे हालात देश के अन्य शहरों के नहीं हैं। प्रदूषण की लड़ाई को राजनीतिक रंग दे दिया गया है। दिल्ली में यमुना की गंदगी, पराली और वायु प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे भी राजनीति के शिकार हैं। जिसकी वजह से कोई ठोसनीति नहीं बन पा रहीं है। केंद्र और न ही राज्य सरकारों के पास प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कोई खाका नहीं है।

सुप्रीमकोर्ट ने भी माना है कि पराली प्रदूषण की एक वजह हो सकती है, लेकिन सिर्फ पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है ऐसा नहीं है। सीजेआई ने साफ तौर पर कहा कि इसके लिए दूसरे कारण अहम् हैं जिसमें पटाखे, उद्योग-धंधे, निर्माणाधीन कार्य शामिल हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण के हालात इतने बुरे हैं कि सरकार को सात दिन का अवकाश घोषित करना पड़ा है। हवा में एक्यूआई का स्तर 500 तक पहुंच गया है।

लॉकडाउन के बाद स्कूल कॉलेज भी खुल गए हैं। इस दौरान बच्चों के लिए सबसे बड़ी मुश्किल है। सीजेआई ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि लोग जिंदगी कैसे जिएंगे। प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए तात्कालिक विकल्प खोजने की आवश्यकता है। वायु में बढ़ता प्रदूषण फेफड़ों के संक्रमण बढ़ाएगा और कैंसर जैसी घातक बीमारी का वाहक बनेगा। दिल्ली के हालात इसी तरह बने रहे तो को स्थिति और भी भयानक होगी।

वायु प्रदूषण में पराली की सहभागिता तो 35 फीसदी तक पहुंच गई है। पराली जलाने के हर दिन कई मामले दर्ज किए जा रहे हैं। लेकिन लोगों को प्रदूषण के बजाय सरकारों को वोट बैंक की अधिक चिंता है। दिल्ली में प्रदूषण का मामला पंजाब, हरियाणा और दिल्ली सरकारों के बीच राजनीति का मुद्दा बन गया है। पंजाब में सामने चुनाव है इस हालात में सरकार किसानों पर कड़े कदम नहीं उठा सकती है। कोई भी सरकार किसानों को नाराज कर जोखिम नहीं लेना चाहती है।

वायु प्रदूषण पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक रिपोर्ट चौंकाने वाली है। रिपोर्ट के मुताबित दिल्ली के वायु प्रदूषण में पराली का हिस्सा सिर्फ पांच फीसदी है। इसके बावजूद फिर राजधानी में कोहरा छाया हुआ है। जबकि पीएम 10 का स्तर 320 के करीब और पीएम 2.5 का स्तर 160 के ऊपर दर्ज किया गया।फिर किसानों की पराली कितनी जबाबदेह है यह खुद समझ सकते हैं।

दिल्ली की आबोहवा दमघोंटू हो चुकी है। सांस लेना भी मुश्किल हो चला है। कुछ साल पूर्व एक सर्वे की रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रदूषण की वजह से 40 फीसदी लोग दिल्ली में रहना नहीं चाहते। जहरीली होती दिल्ली सेहत के लिए बड़ा खतरा बन गई है। धुएं का मेल जनमानस को निगल जाएगा। हालात यहां तक हैं कि 24 घंटे में 20 से 25 सिगरेट से जितना जहरीला धुआं निकला है उतना एक नवजात निगल रहा है। जरा सोचिए, हमने दिल्ली को किस स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। दुनिया के प्रदूषित शहरों में दिल्ली-एनसीआर अव्वल है। भारी मात्रा में



कार्बन उत्सर्जन हो रहा है। हम पराली पर सवाल उठा रहे हैं और किसानों को सुविधाएं देने की बजाय सारा दोष किसानों पर मढ़ रहे हैं।

दुनियाभर में बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण बड़ी चुनौती बन गया है। दिल्ली में तकरीबन चार साल पूर्व एक करोड़ से अधिक वाहन पंजीकृत थे। इसमें तकरीबन 32 लाख कारें। 66 लाख से अधिक मोटरसाइकिल और स्कूटर थे। दो लाख पच्चीस हजार माल वाहक और 11 लाख से अधिक कैब। जबकि माल वाहक तिपहिया 68 हजार। 35 हजार से अधिक बसें, 31 हजार ई-रिक्शा और 30 हजार मैक्सी कैब शमिल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार कुछ साल पूर्व प्रदूषण में इनकी भागीदारी 30 फीसदी से भी अधिक है। कारों से 20 फीसदी प्रदूषण फैलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया के 20 प्रदूषित शहरों में 13 भारतीय शहरों को पहले से शामिल कर रखा है, जिसमें दिल्ली चार प्रमुख शहरों में शामिल थी।

दिल्ली में कुछ वर्ष पूर्व वाहनों से प्रतिदिन 649 टन कार्बन मोनोऑक्साइड और 290 टन हाइड्रोकार्बन निकलता था, जबकि 926 टन नाइट्रोजन और 6.16 टन से अधिक सल्फर डाईऑक्साइड की मात्रा थी। जिसमें 10 टन धूल शामिल है। इस तरह प्रतिदिन तकरीबन 1050 टन प्रदूषण फैल रहा था। आज उसकी भयावहता समझ में आ रही है। उस दौरान देश के दूसरे महानगरों की स्थिति मुंबई में 650, बेंगलुरू में 304, कोलकाता में करीब 300, अहमदाबाद में 290, पुणे में 340, चेन्नई में 227 और हैदराबाद में 200 टन से अधिक प्रदूषण की मात्रा थी।

दुनियाभर में 30 करोड़ से अधिक बच्चे वायु प्रदूषण से प्रभावित हैं। 2017 में बढ़ते प्रदूषण की वजह से 12 लाख लोगों की मौत हुई थी। आज की स्थिति और भी भयावह है। प्रदूषण को हमने कभी गम्भीरता से नहीं लिया। सरकारों और संबंधित एजेंसियों का दावा है कि किसानों द्वारा पराली जलाए जाने से स्थिति गंभीर हुई है। पराली हजारों सालों से जल रही है, फिर इतना कोहराम क्यों नहीं मचा। लेकिन आज किसान और पराली पर राजनीति हो रही है।

प्रदूषण को हमने कभी गम्भीरता से नहीं लिया। कभी चीन और थाईलैण्ड की स्थिति बेहद बुरी थी। लेकिन वहां की सरकारों ने प्रदूषण रोकने और उद्योग से निकले वाले कार्बन उत्सर्जन को रोकने के लिए गम्भीरता दिखाई। आधुनिक मशीनें लगाकर शुद्ध हवा का विकल्प खोजा। लेकिन भारत इस तरह का कदम उठाने में नाकाम रहा है। देश के एक पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री कहते थे कि प्रदूषण से बचना है तो गाजर खाएं। यह हास्यास्पद है।

प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सख्त फैसले लेने होंगे। तभी इसका समाधान निकलेगा। हमें नये विकल्प की तलाश करनी होगी। वाहनों में डीजल पेट्रोल की खपत कम करनी होगी। डीजल-पेट्रोल का वैकल्पिक उपाय निकालना होगा। जिसकी वजह से कार्बन उत्सर्जन कम होगा। सरकार को सीएनजी ईंधन जैसी व्यवस्था पर विचार करना चाहिए। क्योंकि सीएनजी की जहां लागत कम है दूसरी तरफ वायु को कम करने में भी इसकी अहम भूमिका है।

## समता की अनुभूति

मनोबल के विकास का दूसरा सूत्र बताया गया है- स्व दर्शन समता का दर्शन या परमात्मा का दर्शन। प्रांस की यूनिवर्सिटी का एक प्रोफेसर अहंकार में आकर बोला, %मैं दुनिया का सर्वश्रेष्ठ आदमी हूं।% किसी ने पूछ लिया-यह कैसे? उसने कहा, %प्रांस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश है। पेरिस प्रांस का सर्वश्रेष्ठ नगर और हमारा विश्वविद्यालय हमारे नगर का सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र। दर्शन का विभाग उसमें सर्वश्रेष्ठ। मैं उसका अध्यक्ष। इसलिए मैं सर्वश्रेष्ठ आदमी। यह कैसा गणित है! हमारी दृष्टि जब दूसरों की ओर जाती है तो यही निष्कर्ष निकलता है कि हम दूसरों को काटते जाते हैं, तोड़ते जाते हैं और दूसरों के संदर्भ में हम अपने को सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठापित करते जाते हैं। इसके अतिरिक्त कोई निष्कर्ष निकलता ही नहीं है। जब स्व-दर्शन में आदमी आता है तो उसे अनुभव होता है कि न प्रांस सर्वश्रेष्ठ, न पेरिस सर्वश्रेष्ठ, न विश्वविद्यालय सर्वश्रेष्ठ, न दर्शन का विभाग सर्वश्रेष्ठ और न विभागाध्यक्ष। सब समान है। सब व्यक्ति समान, सब देश समान, सब राष्ट्र समान और सब आत्माएं समान। जो समता के क्षण में जाता है, उसे यह नहीं लगता कि यह अलग, वह अलग। उसे लगता है कि सब मेरे-जैसे हैं। यह समान ही समान का गणित ?सा चलता है कि अनन्त में से अनंत निकालो तो भी पीछे अनन्त ही रहेगा। अनन्त में अनन्त मिलाओ तो भी अनन्त ही रहेगा। समता में मिलाते जाओ, निष्कर्ष समता। यह समता की अनुभूति जब जागती है, तब एक विचित्र अनुभव होता है। उसे जगाने का जो सूत्र है, वह मनोबल को जगाने का परम सूत्र होता है।

## नक्सलवाद पर प्रहार

**सद्धार्थ शंकर**

देश में आतंरिक खतरे के रूप में तेजी से पैर पसार रहे नक्सलवाद पर सुरक्षा बलों ने कड़ा प्रहार किया है। महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 27 नक्सली ढेर कर दिए गए। मारे गए नक्सलियों में छह महिलाएं भी हैं। एनकाउंटर में पुलिस ने 50 लाख के इनामी नक्सली मिलिंद तेलतुम्बडे को मार गिराया है। बताया जाता है कि मिलिंद तेलतुम्बडे भीमा कोरेगांव मामले में वांछित आरोपी था। यह मुठभेड़ करीब 12 घंटे तक चली। नक्सली हमलों पर काबू पाने के मकसद से विभिन्न राज्यों में अब तक अनेक उपाय आजमाए जा चुके हैं, मगर इस समस्या का हल निकाल पाना चुनौती बना हुआ है। छत्तीसगढ़, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल आदि में जब-तब नक्सल वारदातें होती रहती हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सली प्रभाव समाप्त करने के मकसद से सलवा जुडूम जैसे प्रयोग किए गए, सुरक्षा बलों को अधिक चौकस बनाने का प्रयास किया गया, मगर इन सबका कोई खास असर नहीं दिखा। इसी तरह बिहार के जंगली इलाकों में नक्सलियों के दबदबे को खत्म करना कठिन बना हुआ है। सवाल है कि क्यों इस समस्या पर काबू पाने में कोई कामयाबी नहीं मिल पा रही। नक्सली नेटवर्क को भेदने के लिए सुरक्षा बलों को विशेष प्रशिक्षण देने, संचार तंत्र को मजबूत करने और खुफिया तंत्र को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। फिर भी स्थिति यह है कि नक्सली संगठनों के पास अत्याधुनिक हथियार और गोला बारूद पहुंच रहे हैं। उनकी योजनाओं का पता लगाना कठिन बना हुआ है। इसका अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि औरंगाबाद के जंगलों में नक्सलियों से निपटने के लिए वहां की सरकार ने कोबरा नाम से विशेष सुरक्षा दस्ता गठित किया है। वही दस्ता जंगलों में गश्त पर था, तो हमला हो गया। इसमें आइईडी विस्फोटक इस्तेमाल किया गया। घटना स्थल से एके47, इंसास राइफलें



और ग्रेनेड लांचर बरामद हुए। सवाल है कि ऐसे साजो-सामान नक्सलियों तक किस तरह पहुंच रहे हैं। उनकी आपूर्ति पर सुरक्षा और खुफिया तंत्र नजर क्यों नहीं रख पा रहा है। नक्सल समस्या पर काबू न पाए जा सकने का बड़ा कारण सरकार का उनके साथ बातचीत का व्यावहारिक सिलसिला शुरू न कर पाना और उन्हें विश्वास में न ले पाना भी है। फिर जिस तरह का तालमेल सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों, स्थानीय पुलिस और नागरिकों के साथ बनना चाहिए, वह नहीं बन पा रहा है। नक्सलियों की लड़ाई सैद्धांतिक स्तर पर शुरू हुई थी, पर अब वह अपनी दिशा खो चुकी है। उनके विभिन्न संगठनों से तालमेल हो चुके हैं, जहां से उन्हें गुरिल्ला प्रशिक्षण और साजो-सामान उपलब्ध हो रहे हैं। यह भी छिपी बात नहीं है कि अनेक जगहों पर नक्सलियों के दबदबे से स्थानीय लोग परेशान हैं। वे जबरन वसूली जैसे कामों में भी शामिल हो गए हैं। फिर भी सुरक्षा बल उनकी लड़ाई को कमजोर करने में स्थानीय लोगों का विश्वास नहीं जीत पा रहे हैं, अवैध रास्तों से उपलब्ध हो रहे साजो-सामान पर नजर नहीं रख पा रहे हैं तो यह उनकी भारी विफलता है। स्थानीय लोगों को विश्वास में लेकर काफी हद तक नक्सली प्रभाव को कमजोर किया जा सकता है, पर सुरक्षा बल प्रायः सख्ती अपना कर उनसे सूचनाएं हासिल करने का प्रयास करते देखे जाते हैं। सरकारों ने कभी गंभीरता से नक्सली संगठनों के साथ बातचीत करने का प्रयास नहीं किया। पूर्वोत्तर के कई विद्रोही संगठन जब बातचीत के जरिए अपना हिंसक रास्ता छोडने को तैयार हो सकते हैं, तो नक्सलियों को बातचीत के जरिए समझाना क्यों कठिन होना चाहिए! कई मामले सख्ती के बजाय लचीला रुख अपना कर भी हल किए जा सकते हैं। अगर नक्सल समस्या का बारीकी से अध्ययन कर व्यावहारिक रास्ता निकाला जाए तो इस हिंसक प्रवृत्ति पर काबू पाना शायद कठिन नहीं होगा।

# हिंदुत्व की आधारशिला हैं श्री राम

### सूडोकु नवताल- 5893

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5892 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

**डॉ.शंकर सुवन सिंह**

हिंदुत्व शब्द संस्कृत के त्व प्रत्यय से बना है। यह शब्द हिन्दू होने के गुण को चरितार्थ करता है। हिंदुत्व एक विचार धारा है। जीवन जीने की कला ही हिंदुत्व है। सभी धर्म जीवन जीने की पद्धति/नियम बताते हैं। धर्म जीना सिखाता है तो अधर्म मरना। इसलिए कहा जाता है धर्म की जय हो,अधर्म का नाश हो। धर्म की बातें तर्क और बहस से परे होती हैं। धर्म एक रहस्य है। धर्म संवेदना है। धर्म स्वयं की खोज का नाम है। धर्म से आध्यात्मिकता का मार्ग प्रशस्त होता है। सभी धर्मों में,आध्यात्मिक पुरुषों ने अपने अपने तरीके से आत्मज्ञान की प्राप्ति की। ऐसे ही आत्मज्ञानी महापुरुषों ने समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना की। अभी हाल ही में कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। सलमान खुर्शीद ने हिंदुत्व की तुलना कट्टर इस्लामी आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट और बोको हरम से कर डाली। सलमान खुर्शीद ने%सनराइज ओवर अयोध्या%नाम की किताब लिखी है। इस किताब पर ही सियासी बवाल मचा हुआ है। सलमान खुर्शीद ने अपनी किताब में हिंदुत्व पर निशाना साधा है। सलमान खुर्शीद की किताब के पेज नंबर 113 का चैप्टर है %सैफरन स्काई% यानी भगवा आसमान। इसमें सलमान खुर्शीद लिखते हैं-हिंदुत्व साधु-सन्तों के सनातन और प्राचीन हिंदू धर्म को किनारे लगा रहा है,जो कि हर तरीके से आई एस आई एस और बोको हरम जैसे जिहादी इस्लामी संगठनों जैसा है। मामला थमा नहीं था कि कांग्रेस मुखिया राहुल गांधी



मैदान में कूद गए। इन्होने सलमान खुर्शीद का पक्ष लेते हुए हिंदू को हिदुत्व से अलग बता दिया। राहुल गांधी कहते हैं कि उन्होंने उपनिषद पढ़े हैं,पर उपनिषद में लिखा क्या है वो स्पष्ट नहीं कर पाते। छान्दोग्य उपनिषद और सभी हिन्दू धर्म से सम्बंधित धार्मिक ग्रन्थ को समझने के लिए किसी प्रकांड विद्वान से राहुल गाँधी जी को ट्यूशन पढ़ने की जरुरत है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने तो हद ही कर दी। इन्होने जय श्री राम बोलने वालों को निशाचर तक कह डाला। राम शब्द संस्कृत के दो धातुओं रम और घम से बना हैं। रम का अर्थ है रमना या निहित होना। घम का अर्थ है ब्रह्माण्ड का खाली होना। राम का अर्थ हुआ-चराचर में विराजमान स्वयं ब्रह्म। शास्त्रों में लिखा है-÷रमन्ते योगिनः अस्मिन सा राममं उच्चयते÷ अर्थात योगी ध्यान में जिस शून्य में रमते हैं, उसे राम कहते हैं। राशिद अल्वी को राम नाम की महिमा का इतिहास पढ़ना चाहिए। राशिद अल्वी का जय श्री राम पर की गई टिप्पड़ी उनकी मूर्खता को चरितार्थ करती है। हिन्दू धर्म में सारे धर्मों का सम्मान है। हिंदू शास्त्र में कहा भी गया है यथा पिंडे तथा ब्रह्माण्डे अर्थात कण कण में भगवान् व्याप्त है। हिंदुत्व की आधारशिला है जय श्री राम। जय श्री राम का नारा सकारात्मकता,पुरुषार्थ और सहिष्णुता का परिचायक है। भारतीय संस्कृति के वाहक हैं भगवान् श्री राम। भगवान् श्री राम हमारे पुरुषार्थ के प्रतीक हैं। भगवान् राम भारतीयों के बल का प्रतीक हैं। संस्कृति संस्कार से बनती है। हमारा संस्कार है की हम सारे धर्मो का सम्मान करें और अपने धर्म के प्रति अटूट विश्वास रखें। ऐसा प्रतीत होता है कि सलमान खुर्शीद,राशिद अल्वी और राहुल गाँधी ये तीनो वो महापुरुष हैं जो आत्मज्ञान को नहीं बल्कि आत्मवंचन को प्राप्त हुए। अपने धर्म में विश्वास और सभी धर्मों का सम्मान करने वाला व्यक्ति ही असली आत्मज्ञानी होता है। संस्कृत में एक श्लोक है नायं आत्मा बल हीनें लभ्यः अर्थात यह आत्मा बलहीनों को नहीं प्राप्त होती है। एक कहावत है जो अपना सम्मान नहीं कर सकता वो दूसरों का क्या करेगा। बिना ज्ञान के हिन्दुओं पर टिका टिप्पड़ी करना इन तीनो नेताओं को आने वाले चुनाव में भरी पड़ेगा। ये वो लोग हैं जो ठीक से संस्कृत बोल नहीं सकते,लिख नहीं सकते,पढ़ नहीं सकते और बात करते हैं हिंदुत्व की। सृष्टि के विकास और उसके हित में किये जाने वाले सभी कर्म धर्म है। प्रकृति से ही मानव है। पूरी सृष्टि प्रकृति की ही देन है। जिन नेताओं को हिंदुत्व की जानकारी न हो, उनको हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार बिल्कुल ही नहीं है। इस समय हर एक नेता अभिनेता की भूमिका में है। कहने का तात्पर्य जिस प्रकार अभिनेता,अभिनय करके किसी भी चरित्र का निर्माण करता हैं।

## म.प्र. में बेहतर काम करती हुई महिला अफसरान...!

**नईम कुरेशी**

दुनिया भर में महिलायें हर तरफ बेहतर काम करने में माहिर देखी व सुनी जाती हैं। यस बैंक के सर्वे में आदमियों से काफी कुछ अच्छा काम करने का रिजल्ट सर्वे में आया है। वुमन लीडर्स की चर्चा आम तौर से देखी व सुनी जाती है। महिलायें चाहे प्रशासन की मुखिया हों या बैंक, पुलिस चीफ अथवा सियासतदा हों हर तरफ वो बेहतर सौ फीसद तक रिजल्ट देती देखी जा चुकी हैं। उड़ीसा, यू.पी., म.प्र., में नंदनी सतपति, मायावती से लेकर उमा भारती की धाकड़ छवि को देश दुनिया ने खूब देखा है। इसी तरह किरन बेदी मैडम से लेकर म.प्र. की 76 बैच की आशा गोपाल की सराहना में तो कई किताबें लिखी जा चुकी हैं।

### बैंकिंग से पुलिस व सियासत

बैंकिंग क्षेत्र हो या राजनीति सभी तरफ उन्हें आगे देखकर हमें सुखद अनुभव होता रहा है। सोवियत रूस, अमेरिका, फ्रांस, जर्मन में तो महिलाओं ने खूब बड़े से बड़ा झण्डा गाढ़ रखा है। रूस की नेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी की खोज के तहत पुरुषों की तुलना में महिलायें एक काम में लगे होने पर दूसरा भी फौरन करने में निपुण व एक्सपर्ट बताई गई हैं। भारत में भी रानी कुंती, दमयंती, बैजाबाई, सिंधिया, गन्ना बेगम तो चम्बल-ग्वालियर इलाके की देशदुनिया में मशहूर महिलायें मानी गई हैं। निर्मला बुच मध्य प्रदेश की महान मुख्य सचिव प्रशासक के तौर पर देखी गइऔ। उनसे व उनके पति एम.एन. बुच, देवर जी.एन. बुच से मेरा परिचय 80 के दशक में खूब रहा है। श्रीमती बुच खूब कड़क व न्यायप्रिय महिला अफसरान के तौर पर प्रसिद्ध व चर्चित रही हैं। उनसे मुझे मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह ने मिलवाया था।

### रमेश ने हथियार डाले

महिला अफसरान व सियासतदां कलाकार देशदुनिया में हमें सम्मान दिलाते रहे हैं। म.प्र. की आय.ए.एस. अफसरान 72 बैच की सुष्मानाथ भारत की पहली वित्त सचिव रहकर उन्होंने भी म.प्र. व उत्तर भारत व देश दुनिया में नाम कमाया था। आशा गोपाल से डरकर शिवपुरी में रमेश सिकरवार नाम के डकैत ने सरेंडर कर दिया था। उसका कहना था लड़की के हाथों मरना मुझे पसन्द नहीं था। आज म.प्र. में खूब बहादुरी के काम करने वाली शिमाला प्रसाद से लेकर हाल ही में ग्वालियर में अतिरिक्त एस.पी. हितिका खूब सक्रिय व लोकप्रिय पुलिस अफसरान देखी जा रही हैं। हितिका को 18-20 घंटों तक खड़े होकर आम लोगों को न्याय दिलाते देखा जा रहा है। उनके एस.पी., डी.आय.जी. व आम लोग प्रशंसक हैं।

# महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार से जनता त्रस्तः सुधांशु



## बढती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली जनजागरण यात्रा

**जौरा।** वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की मनमानी नीतियों एवं अहंकार से महंगाई लगातार बढती जा रही है। देश का हर वर्ग महंगाई से त्रस्त है। भाजपा सरकार का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। यह बात अ.भा. कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं सह प्रभारी मप्र सुधांशु त्रिपाठी ने जौरा में आयोजित जनजागरण यात्रा को सम्बोधित करते हुए कही। यह जनजागरण यात्रा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा के तत्वाधान में आयोजित की गई। जनजागरण यात्रा को सम्बोधित करते हुए मुरैना विधायक राकेश मावई ने कहा कि डीजल की महंगाई से किसानों की खेती से लेकर हर परिवार की जरूरत का सामान महंगा हो गया है। गैस सिलेण्डर कांग्रेस सरकार की तुलना में लगभग दोगुना हो गया है। भाजपा सरकार ने गरीब परिवारों को गैस सिलेण्डर तो दिये, लेकिन गैस महंगी करके सिलेण्डर का पैसा ब्याज सहित वसूल कर लिया। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह सिकरवार ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों व महंगाई से जन-जन परेशान है। विशेषकर किसानों की समस्याओं का निराकरण भी नहीं हो रहा है। सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है। वहीं जौरा शहर में गोली चलना अब आम बात है। जिसके कारण व्यापारी भी अब दहशत में हैं, यदि समय रहते प्रशासन द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आमजनता के साथ उग्र आन्दोलन करेगी। इस जनजागरण यात्रा में पूर्व विधायक महेशदत्त मिश्र, युवा कांग्रेस के महासचिव पंकज उपाध्याय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश यादव, प्रदेश कांग्रेस महासचिव सोवरन सिंह गुर्जा, राजकुमार शर्मा, रामलखन डण्डोतिया, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह गांधी, मदनमोहन भारद्वाज, देवेन्द्र सिंह भर्रा, रवि उपाध्याय, शाहबुद्दीन उस्मानी, ओमप्रकाश सखलेचा, अन्ना रोहित शर्मा, प्रमोद शर्मा, डॉ सुरेश शर्मा, सुरेश रावत, दिनेश कुमार शर्मा, अरूण कुमार कुलश्रेष्ठ, राजाबेटी व्यास, बृजमोहन मरैया कैलारस, लक्ष्मीनारायण दुवे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कैलारस, मुरारीलाल अमर, बनवारीलाल डागोर, अजीत वर्मा, दीपक यादव सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्र विकास में युवाओं की अहम भूमिका हैः पुलिस अधीक्षक



**मुरैना।** राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है, क्योंकि किसी राष्ट्र की शक्ति उसके युवाओं में निहित होती है। युवा एक बार जो मन में ठान लेते हैं, उसे पूरा करके ही दम लेते हैं। युवाओं के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी न केवल स्वयं राष्ट्र उत्थान में संलग्न रहें, बल्कि आजीवन युवाओं को राष्ट्र हित में आगे आने के लिए प्रेरित करते रहें। यह बात पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार ने रविवार को जनपद पंचायत के सभागार में नेहरू युवा केन्द्र मुरैना द्वारा आयोजित नेहरु युवा केन्द्र के स्थापना दिवस पर कही। पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार ने कहा कि मैं जब ग्वालियर में पढ़ता था, तब नेहरू युवा केन्द्र की गतिविधियों से जुड़ा रहा। मुझे बेहद खुशी है कि नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य स्वामी विवेकानंद जी के बताये गये मार्ग पर चल कर ग्रामीण क्षेत्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव ने नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने युवाओं को हर संभव सहयोग प्रदान करने को कहा। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक राकेश सिंह तोमर ने संगठन के इतिहास और उद्देश्य और कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## केबल नेटवर्क कंट्रोल रूम में भीषण अग्निकांड, एक करोड़ का नुकसान



**मुरैना।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मारकंडेश्वर बाजार कुलियाना मोहल्ले में संचालित एमसीएन डिस्क कंट्रोल रूम में अर्ध रात्रि को शार्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई, जिसमें लगभग एक करोड़ का नुकसान हुआ है। इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। मौके पर पहुंची 3 फायर बिग्रेड ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मारकंडेश्वर बाजार में संचालित एमसीएन डिस्क कंट्रोल रूम मैं अर्ध रात्रि को शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई और धीरे-धीरे आग फैलती चली गई । जब आसपास के लोगों ने धुआं देखा और बदबू आई तो बाहर निकले। बाहर का नजारा देखकर सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस एवं फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची। कई घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग को नियंत्रित किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। कंट्रोल रूम के संचालक प्रेम कुमार शर्मा ने बताया कि इस अग्निकांड में सभी उपकरण जलकर नष्ट हो गए हैं और लगभग एक करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

# संविधान और लोकतंत्र को बचाने के संघर्ष में सबसे आगे है माकपाः अशोक तिवारी



**मुरैना।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का मुरैना तहसील का सम्मेलन पीपल वाली माता स्थित सभागार में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता रामनिवास शर्मा, सीमा दोनेरिया, हरीसिंह माहौर के अध्यक्ष मंडल द्वारा की गई।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव मंडल के सदस्य अशोक तिवारी ने कहा कि आज देश में मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतंत्र को ही चोट पहुंचाई जा रही है। देश में संविधान और लोकतंत्र को बचाने के संग्राम में माकपा की अग्रिम पंक्ति में है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर देश में लोकतंत्र संविधान की रक्षा के संघर्ष के साथ साथ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, अशिक्षा, दलित उत्पीड़न के मुद्दों को लेकर जनता को लामबंद करते हुए संघर्षों को तेज करना है। एक ओर मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को बेचने पर आमादा है। मुरैना जिले में ही शक्कर मिल और पुराने रोडवेज बस स्टैंड को कौड़ियों के मोल बेचा जा रहा है। इसके खिलाफ अभियान चलाते हुए जनता को लामबंद कर संघर्ष तेज करने की जरूरत है। उन्होंने कहा इससे पहले पोरसा के बस स्टैंड को बेचा जा चुका है। चंबल के बीहड़ की जमीन को कॉरपोरेट को सौंपने की तैयारी की जा रही है। जंगलों को बेचने की भी तैयारी है। इस समय देश को बचाने की चुनौती है। किसान आंदोलन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को ऐतिहासिक किसान आंदोलन को 01 वर्ष पूरा हो जाएगा। इस मौके पर देशभर के किसानों के आंदोलनों के साथ मुरैना जिले में भी प्रदर्शन, घेराव, धरने, सभाऐं आदि कार्यवाहीयां आयोजित की जाएंगी। इसका हम पुरजोर समर्थन करते है। सम्मेलन में माकपा जिला सचिव जयराम सिंह धाकड़ नेवी विचार व्यक्त किए। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि शक्कर मिल को नहीं बेचा जाए। उसे जनहित में चलाया जाए। सम्मेलन को माकपा के वरिष्ठ नेता जेके पिप्पल, सुमन शर्मा, अशोक कुमार, राजेंद्र सिंह, सरदार सिंह आदि ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में 9 सदस्य तहसील समिति का चुनाव किया गया, जिस के सचिव श्रीकृष्ण यादव चुने गए। इसके अलावा जिला सम्मेलन के लिए भी प्रतिनिधियों का चयन हुआ।

# चोरी करने वाले आरोपीगण को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** घर में घुसकर चोरी करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील अंबाह, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण नरेन्द्र सिंह पुत्र ज्ञान सिंह, निवासी जयसिंह का पुरा, अजय उर्फ अक्षय पुत्र रामनिवास, निवासी जयसिंह का पुरा, धर्मवीर सिंह उर्फ धर्मा पुत्र रघुवीर, निवासी पंचमपुरा, पुलिस थाना दिमनी जिला मुरैना को धारा 457 भादवि में दोषी पाते हुये 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रूपये के अर्थदण्ड एवं धारा 380 भादवि में 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000-1000/- रूपये (कुल 6000 /- रूपये) के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

अभियोजन अधिकारी/सहायक मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि फरियादी प्रकाश सखबार ने थाना अंबाह पर उपस्थित होकर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि 12 जून 2020 को वह तथा उसके परिवार के सभी लोग अपने मकान में आगे दुकान में रात करीबन 12:30 बजे सो गये थे। जब 13 जून को सुबह करीब 05:30 बजे वह जागा और निवृत होने बाहर खेतों में चला गया, लौटकर घर वापस आया और कमरे में गया तो उसे अपना मोबाईल नहीं मिला, तो फिर उसने अंदर वाले कमरे में जाकर देखा तो उसका दरवाजा खुला था, उसमें रखा एक बक्सा नहीं मिला एवं बडे बक्से का ताला खुला था और उसका सामान बिखरा पडा हुआ था, उसने अपनी मां और भाई को बुलाया और सामान देखा तो बक्से में रखा सोने-चांदी का सामान तथा कुछ नगदी रूपये चोरी चले गये थे, जिन्हें कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाना अंबाह में अपराध पंजीबद्ध किया गया, विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर उक्त तीनों आरोपीगण को पकडा गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपीगण को दण्डित किया गया।

## आइए आंगनबाड़ी कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू हुए आंगनवाड़ी केंद्र

**कैलारस।** एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना कैलारस सेक्टर तिलोंजरी आंगनवाड़ी केंद्र भुरावली का पुरा पर आइए आंगनवाड़ी कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी बच्चों को केंद्र पर बुलाया गया। सबसे पहले सेक्टर सुपरवाइजर मीना शर्मा, कार्यकर्ता आशा धाकड़ द्वारा बच्चों को रोली से टीका कर बच्चों का स्वागत किया गया। आइए आंगनवाड़ी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पहले से ही इसकी तैयारी की गई किशोरियों द्वारा रंगोली बनाई गई तथा आंगनवाड़ी गेट पर आम के पत्तों की माला बनाकर लगाई गई और बैलून लगाकर आंगनबाड़ी केंद्र को सजाया गया। इस दौरान कोविड-19 के संक्रमण से बचाव का ध्यान रखते हुए आंगनवाड़ी केंद्र के आस-पास की साफ सफाई की गई।

# भाजपा सरकार के विरुद्ध कांग्रेस ने चलाया जन जागरण अभियान




**मुरैना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संपूर्ण मध्यप्रदेश में 14 नवंबर से 21 नवंबर तक प्रदेश की भाजपा सरकार के राज में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था, जनता पर थोपे जा रहे मनमाने बिजली के बिल आदि को लेकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत सोमवार को नगर निगम मुरैना के वार्ड क्रमांक 5 गुरुकुल स्कूल पर राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और इसके लिए उसे दोषी ठहराया। श्री त्रिपाठी ने कहा के देश एवं प्रदेश में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जन-जन परेशान है एवं संविधान तथा लोकतंत्र की हत्या कर दी गई है। देश की जनता कोरोना काल से तमाम संकटों से जूझ रही है और अब महंगाई चरम पर पहुंचने से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। मध्यप्रदेश में अपराधों का ग्राफ बढ़ रहा है एवं बेरोजगारों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। शासकीय विभागों में भ्रष्टाचार ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, तो वहीं विद्युत विभाग द्वारा आम जनता को मनमाने बिल थोपे जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश में सभी जगह आम जनता को इस अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रस्तावित नवीन ब्लॉक मुरैना पश्चिम के प्रभारी राजकुमार द्वारा की गई तथा मुख्य रूप से भगवान सिंह तोमर, विधायक राकेश मावई, हरिसिंह सिकरवार, राम लखन दंडोतिया, राकेश परमार, सुधीर मावई, सुभाष सिकरवार, विनोद शर्मा, कौशल पंडित, गौरव बाथम, सौरव सोलंकी आदि उपस्थित थे।

## वृहद विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

**मुरैना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा 02 अक्टूबर से 14 नवम्बर 2021 तक आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर ''आजादी का महोत्सव'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर ग्राम बिलगांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना एवं तहसील विधिक सेवा समिति जौरा के द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन की अध्यक्षता में वृहद विधिक जागरूकता षिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण, स्वास्थ्य, पंचायत, राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि द्वारा अपने-अपने विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# बच्चों से संवाद के साथ चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह आरम्भ



**मुरैना।** चाचा जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस (बाल दिवस) पर मुरैना जिले मे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की परियोजना चाइल्ड लाइन 1098 के माध्यम से धरती संस्था द्वारा संचालित की जा रही है।

चाइल्ड लाइन 1098 द्वरा 14 नवम्बर से 20 नवम्बर 2021 तक चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह का आयोजन मुरैना जिले मे किया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ वार्ड 44 की छोंदा बस्ती से किया गया । जहाँ बच्चों के साथ खेल-कूद एवं ज्ञानवर्धक संबन्धित गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों को बागवानी, प्राथमिक उपचार, बोद्धिक एवं तार्किक संबन्धित किताबों का वितरण किया गया, साथ ही बच्चो एवं समुदाय को चाइल्ड से दोस्ती के महत्व को समझाते हुऐ चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नं 1098 के बारे मे बताया गया। इस अवसर पर चाइल्ड लाइन के जिला समन्वयक जय कुमार चाँदिल द्वरा बच्चों को हिंसा व दुर्व्यवहार बर्दाश्त न करने का संकल्प दिलाया एवं सहयोग के लिए 1098 पर फोन पर सूचना देने की सलाह दी। बच्चों ने कहा कि मुसीबत आने पर वह चाइल्ड लाइन नम्बर 1098 पर जरूर काल कर सहायता लेंगे। चाइल्ड लाइन टीम सदस्य आदित्य भदौरिया ने बताया कि दोस्ती सप्ताह में 20 नवंबर तक मुरैना जिले में सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रमों कर लोगों को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# फाइल में किसी अन्यत्र स्थान के लिए हाईमास्ट स्वीकृत, लगा दिया थाने में



**कैलारस।** नगर परिषद द्वारा शहर में लगाए गए हाईमास्ट नियमानुसार नहीं लगाए गए हैं और वैधानिक रूप से फाइल में अंकित स्थल के स्थान पर अन्य जगह लगाए जा रहे हैं। पहाड़गढ़ रोड नहर पर लगाए जाने वाला हाई मास्ट थाना प्रांगण कैलारस में लगाया गया है। जिसका नगर परिषद कैलारस में कोई लेखा-जोखा नहीं है। नगर परिषद कैलारस में केवल हाई मास्ट नहर पर लगना बताया जा रहा है। लेकिन नगर परिषद कैलारस के आला अधिकारी की लापरवाही एवं राजनीतिक दबाव के चलते गलत जगह पर लगाए गए हैं। जो अनुपयोगी हैं इस पूरी लापरवाही में नगर परिषद अधिकारी तो दोषी है ही, साथ में सब इंजीनियर भी दोषी माना जाता है। क्योंकि जब हाई मास्ट लगाया जा रहा था, तब सब इंजीनियर ने सही जांच कर क्यों नहीं लगवाया।

आपको बता दें कि पहाड़गढ़ रोड नहर पर लगने वाला हाई मास्ट थाना प्रांगण में लगा दिया गया है। जिसमें कर्मचारियों एवं नगर परिषद अधिकारियों की घोर लापरवाही सामने आ रही है वहीं वार्ड क्रमांक 7 में एमएस रोड नहर की पुलिया पर लगने वाला हाई मास्ट नहर की पुलिया पर न लगाते हुए व्यक्तिगत हितों को साधने के लिए राजनीतिक दबाव के चलते व्यक्तिगत मकान पर लगाया गया है। जो कि वैधानिक रूप से गलत है। लेकिन मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नेताओं की मनमानी के चलते उक्त हाईमास्ट सार्वजनिक चौराहे पर संपूर्ण क्षेत्र को रोशन करने के लिए लगाए जाते हैं, लेकिन नगर परिषद कैलारस मर्यादा को ही भूल चुकी है उनके लिए जनता का कार्य महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि उन्हें तो राजनेताओं के दबाव में कुछ समर्थवान व्यक्तियों को खुश करने के लिए पूर्ण प्रयास में लगे हुए हैं। जिसका कैलारस की जनता ने एवं नगर के लोगों ने पुरजोर विरोध किया है। बताया जा रहा है कि नगर परिषद द्वारा इस तरह की की गई अनियमितताओं को अगर सुधार नहीं किया गया तो आम नागरिकों को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उज्जैन फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज ब्रॉडगेज रेल एवं उज्जैन-इन्दौर एवं इन्दौर-उज्जैन मेमू ट्रेनों की सौगात दी

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**सांसद श्री फिरोजिया ने रेलवे विकास होने के कारण आभार प्रकट किया**

**उज्जैन/भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार 15 नवम्बर को बिरसा मुंडा जयन्ती गौरव दिवस के अवसर पर भोपाल से बटन दबाकर गेज परिवर्तित एवं विद्युतीकृत उज्जैन-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज ब्रॉडगेज रेलखण्ड और उज्जैन से इन्दौर एवं इन्दौर से उज्जैन मेमू ट्रेनों सहित अन्य रेलवे विकास कार्यों का शुभारम्भ एवं राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर उज्जैन से इन्दौर ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा भविष्य इतना आधुनिक हो गया है। भोपाल का रेलवे स्टेशन का कायाकल्प ही नहीं हुआ है अब इसका नाम रानी कमलापति रेलवे स्टेशन होने से और महत्व बढ़ गया है। भोपाल पुनर्विकसित वर्ल्ड-क्लास रानी कमलापति रेलवे स्टेशन सहित भोपाल बरखेड़ा रेलखण्ड का तीहरीकरण, गेज परिवर्तित एवं विद्युतीकृत मथेला-निमारखेड़ी ब्रॉडगेज रेलखण्ड और विद्युतीकरण गुना-ग्वालियर रेलखण्ड को बटन दबाकर राष्ट्र को समर्पण किया। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि क्षेत्रवासियों को नये ट्रेक के चालू होने से यात्रा के साथ-साथ अपने माल को लाने-ले जाने में भी सहुलियत होगी। वहीं भगवान महाकाल की नगरी में महाकाल के दर्शन का भी सीधा लाभ होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि हमारा देश पूर्ण ईमानदारी एवं संकल्पों के साथ काम कर रहा है। देश में विकास के परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। पूरे देश में लगभग 200 स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। देश बड़े लक्ष्यों पर काम कर रहा है। आजादी के अमृतकाल में देश के विकास को अभूतपूर्व गति मिल रही है। आम जनता के लिये सहज सरल हो, यह काम किये जा रहे हैं। रेलों के





विस्तारीकरण होने से आमजन को अधिक लाभ होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन भोपाल को जो सौगात दी है और उसका नाम रानी कलापति रेलवे स्टेशन रखा है। इस बड़ी सौगात के लिये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हृदय से अभिनन्दन और स्वागत है। कार्यक्रम के पूर्व भोपाल में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि 21वी शताब्दी में नई सोच और नये विकास के साथ हमारा देश बदलेगा। आत्मनिर्भर की परिकल्पना जो की है, वह साकार होगी। देश में हर क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ओजस्वी नेतृत्व में दिनोंदिन बेहतर विकास के कार्य हो रहे हैं। उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर-1 पर आयोजित सीधा प्रसारण कार्यक्रम के अन्तर्गत सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने कहा कि उज्जैन फतेहाबाद मीटर गेज वर्ष 2014 में बन्द हो गई थी। तात्कालिक लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, पूर्व सांसद डॉ.चिन्तामणि मालवीय, डॉ.सत्यनारायण जटिया के प्रयास से उस समय मीटर गेज बन्द होने पर ब्रॉडगेज चालू कराने का प्रयास किया था। उनके बाद मेरे द्वारा प्रयास कर उज्जैन-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज ब्रॉडगेज को प्रारम्भ करवाया और आज शुभ अवसर आया, जो देश के प्रधानमंत्री ने भोपाल के कार्यक्रम से हरी झंडी देखकर रेल को रवाना किया। रेलवे लाइन चालू होने से क्षेत्रवासियों को लाभ होगा। मीटर गेज के बन्द होने से दूध, सब्जी आदि सामान इन्दौर जा रहा था, अब नये ट्रेक के चालू होने से क्षेत्रवासी अपना सामान उज्जैन ला सकेंगे। जिस दिन सेंधवा की लाइन जुड़ जायेगी, तब उज्जैन दक्षिण भारत की ट्रेनें से जुड़ जायेगा। शॉर्टट्रेक होने के कारण समय की बचत हुई है। आने वाले समय में और अधिक विकास होने के कारण मील का पत्थर साबित होगा। सांसद श्री फिरोजिया ने कहा कि कड़छा से देवास का भी काम पूरा होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्जैन के लिये दो मेमू ट्रेन की सौगात दी है, जो समय-समय पर दो-दो फेरे लगायेगी और जिसका किराया भी कम होगा, जिससे क्षेत्रवासियों को लाभ होगा। नये ट्रेक के प्रारम्भ होने से डेली अपडाऊन करने वाले लोगों को फायदा होगा। भविष्य में फतेहाबाद चन्द्रावंती जंक्शन का भी विस्तारीकरण किया जायेगा। भविष्य में उज्जैन-झालावाड़ ट्रेक को भी जोड़े जाने का कार्य किया जायेगा। इसके प्रयास भी तेजी से हो रहे हैं। सड़कों एवं रेलवे ट्रेकों के जाल को बिछ जाने से उज्जैन का और अत्यधिक चहुंमुखी विकास होगा।

## वन-टू-वन

### शिक्षा अधिकारी से रखी यह मांगे



**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली** ~मारवाड़ जंक्शन प्रधानाचार्य डॉ प्रदीप पालीवाल व व्याख्याता देवेंद्रसिंह मीणा ने शिक्षा अधिकारी को बताया कि महात्मा गांधी विद्यालय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में संचालित है इस विद्यालय मैं विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षण कार्य को लेकर विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की सरकारी ड्यूटी में नियुक्त नहीं किए जाने के आदेश है परंतु फिर भी कई कर्मचारियों को बीएलओ व अन्य कार्यों को लेकर शिक्षण कार्य के अलावा ड्यूटी पर अतिरिक्त रूप में नियुक्त किया गया है जिससे विद्यार्थियों के शिक्षण कार्य में बाधा हो रही है इसी प्रकार विद्यालय में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का नोडल केंद्र व बालिकाओं की साईकिल वितरण का नोडल केंद्र सहित अन्य प्रकार की नोडल व्यवस्था इस विद्यालय में संचालित कर रखी है जिसकी वजह से कई कक्षाओं में साइकिलें तैयार करने व निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें रखे जाने की वजह से कमरे खाली नहीं है दो पारी विद्यालय चलने के बाद भी विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य को लेकर उक्त प्रकार की नोडल व्यवस्था की वजह से अब भी व्यवधान हो रहा है एक कमरे में ही 2 कक्षाओं को संचालित किया जा रहा है शर्मा व मीणा ने अधिकारी से मांग की है कि उक्त प्रकार की समस्याओं के समाधान के रूप में राहत दी जाए जिससे विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य विधिवत रूप से संचालित किया जा सके।

### टेवाली मे उपखण्ड अधिकारी एवं शिविर प्रभारी देशलदान के सानिध्य में प्रशासन गांवों के संग शिविर आयोजित किया गया।



**पुष्पांजली टुडे**
**नेनाराम सिरवी**

**पाली।** निकटवर्ती पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेवाली में प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न जन समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया। प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहतविभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। राजस्थान सरकार के आदेश के अनुसार प्रशासन गांव के संग अभियान में अपने-अपने विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक मौके पर ही लोगों की जन समस्याओं का समाधान किया गया। सुमेरपुर विधायक जोराराम ने निरीक्षण कर उपखण्ड अधिकारी सहित सभी अधिकारियों सहित सरपंच जोगाराम कुमावत के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए संतोष व्यक्त करते हुए सराहना की। सुमेरपुर विधायक कुमावत ने आमजन को अवगत कराया कि राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाएं, का लाभ लेने की अपील की।उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से रोडवेज का पास कार्ड बनवाकर रोडवेज बसों में रियायती दर पर टिकट से यात्रा करने का आह्वान किया। प्रशासन गांवों के संग शिविर में विधायक ने लोगों को पेंशन पी पी ओ,6 ,एवं पट्टे125 प्रधानमंत्री आवास 3, वितरित किये। इस मौके पर विकास अधिकारी मोहनलाल चौधरी ,तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ,, सरपंच जोगारम कुमावत , टेवाली ग्राम पंचायत उप सरपंच केवाराम देवासी ।भरत सिंह , हेमावास सरपंच मोहनलाल पटेल , पाली भाजपा जिला प्रतिनिधि मुकेश सीरवी, पाली पंचायत समिति मोहिनी पटेल। उपप्रधान भारती कुमावत। बालराई सरपंच केसाराम कुमावत सहायक विकास अधिकारी मनोज भाटी , टेवाली ग्राम विकास अधिकारी शोभावती। गुंदोज पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह सोनीगरा।

## धराधाम इंटरनेशनल द्वारा जलयान में हुआ कलाकारों का सम्मान

**डॉ सुधाकर पाण्डेय ,डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय एवम अतिथियों द्वारा की गई अद्भुत कार्यक्रम की सराहना**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**नई दिल्ली ।** आक्सीजन की कमी की समस्या को जन मानस के समक्ष प्रस्तुत कर इस समस्या के समाधान पर आधारित धराधाम इण्टरनेशनल के बैनर तले निर्मित डाक्यूमेंट्री फिल्म *आक्सीजन* की सफलता से प्रेरित होकर इस फिल्म में विभिन्न माध्यमों से अपना समय और सहयोग प्रदान करने वाले कलाकारों, विद्वत जनों और यूनिट के लोगों को रविवार को नौका विहार रामगढ़ ताल (टूरिस्ट प्लेस), गोरखपुर में ज़मीन के बजाय जल और नभ के मध्य *क्रूज* पर आयोजित भव्य समारोह में *सरस्वती सम्मान* से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय कवयित्री प्रतिभा गुप्ता द्वारा सरस्वती वंदना,राष्ट्रीय कवयित्री एकता उपाध्याय द्वारा स्वागत गीत ,डॉ.राम कृपाल राय,नीरज श्रीवास्तव एवम ई.मिन्नत गोरखपुरी द्वारा गीत प्रस्तुत कर किया गया। सरस्वती सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोरखपुर डा.सुधाकर पाण्डेय, इंटरनेशनल निदेशक डॉ.सुर्य प्रकाश पाण्डेय, धराधाम प्रमुख सौहार्द शिरोमणि डॉ.सौरभ पाण्डेय ,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हरिओम पाण्डेय, ने फ़िल्म



निर्देशक सत्य प्रकाश सिंह,वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर डा.विनय श्रीवास्तव, माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0के पाठ्यक्रम समिति सदस्य शिक्षाविद डा0एहसान अहमद फ़िल्म कलाकार,गोरखपुर जर्नलिस्टस प्रेस क्लब के महामन्त्री मनोज यादव, कृपाशंकर राय,नागेन्द्र कुमार,राजन सिंह सूर्यवंशी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय अपना समाज पार्टी ,फ़िल्म अभिनेत्री मुस्कान, वर्तिका पटेल,डॉ.नीरज गुप्ता, डा.अमरनाथ जायसवाल,डॉ. अमिताभ पाण्डेय,अविनाश शुक्ला, गुरुबाबा, नीरज बाबा ,गौतम पाण्डेय, असिमिद,डॉ. रागिनी पाण्डेय,राजेश मिश्रा यस सी,मनीष सिंह,समीर पाण्डेय,मिनहाज सिद्दकी,प्रशांत पाण्डेय,सदानंद पाण्डेय,स्वेतिमा,गीता पाण्डेय,नीरज श्रीवास्तव,इमरान आ सुमन सिंह आदि को अंगवस्त्र, मोमेंटो व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई।धराधाम इंटरनेशनल के प्रमुख डॉ.सौरभ पाण्डेय ने धराधाम परिवार के कार्यक्रम में शामिल समस्त अतिथियों एवं सीईओ डॉ.प्रेम प्रकाश पाण्डेय के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## धार्मिक मुद्दों में उलझा कर भाजपा सरकार ने लोगों को किया है गुमराहः मानसिंह



***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

***गाँव गाँव जाकर सरकार की विफलताओं से कांग्रेस ने जन जन को कराया रूबरू***

**भिण्ड।** जन जागरण अभियान के द्वितीय चरण में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ने गांव गांव जाकर सरकार की विफलताओं से ना सिर्फ रूबरू कराया बल्कि बताया कि किस प्रकार मौजूदा सरकार लोगों को धार्मिक मुद्दों में उलझा कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रही हैं। जिसके कारण आज देश में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है आम आदमी को जीवन यापन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।मध्यम वर्ग का परिवार एक वक्त का खाना तक नहीं खा पा रहा है।पेट्रोल डीजल एवं गैस की दरों में वृद्धि होने के कारण आमजन का जीना बेहाल हो गया है। लिहाजा बेरोजगारी के कारण घरों में ग्रह कलेश शुरू हो गया है जिसका खामियाजा 1 वर्ष में भिंड जिले भर मैं 87 लोगों ने अपनी जान देकर चुकाया है। देश के अन्नदाता को सताया जा रहा है। तीन काले कानून लागू करने वाले किसानों को अपनी गाड़ियों के नीचे रौंदकर हत्या करने का काम मौजूदा सरकार के द्वारा किया जा रहा है।यह भाजपा सरकार मानवता भूलकर निजीकरण में व्यस्त है। इन्हीं सब मुद्दों से कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने देपुरा,कछपुरा, गोकुल पुरा,अमायन की चिरैया पट्टी में घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया।



## सम्राट अशोक सेना ने मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** 15 नवंबर दिन सोमवार को बिरसा मुंडा की जयंती को %जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा जनजातीय समुदायों के अमूल्य योगदान, विशेष रूप से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके बलिदान को रेखांकित किया है। जिसके तहत आज पुरा देश जनजातीय गौरव दिवस के रूप बिरसा मुंडा की जयंती मना रहा है। वहीं जिले के वार्ड नंबर 24 में सम्राट अशोक सेना के राष्ट्रीय सचिव अजय सुखदेवे के नेतृत्व में बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गयी जहां बिरसा मुंडा की छायास्मृति पर माल्यार्पण कर बिरसा मुंडा के जीवन पर उपस्थित जनों ने बारी-बारी से प्रकाश डाला।

## आदिवासी बनवासी क्रांति सेना के बैनर तले बांधी ग्राम में क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का मनाया गया जन्म उत्सव

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना~** जनपद पंचायत पन्ना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बांधी कला में क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का जन्म दिवस आदिवासी वनवासियों के बीच बड़े हर्ष पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ होने के पूर्व क्रांतिकारी बिरसा मुंडा तिलक वंदन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष पन्ना माननीय भरत सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर, कार्यक्रम का संचालन संगठन के बुंदेलखंड संयोजक के पी सिंह बुंदेला रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भरत सिंह क्रांतिकारी बिरसा मुंडा को नमन करते हुए आदिवासी पुरुष महिलाओं के बीच कहा कि ग्राम पंचायत में चुनाव के समय आदिवासियों के बीच फूट पड़ जाती है जिससे आदिवासीयो आने वाले समय में लड़ाई का मुख्य कारण होता है इसलिए सभी एक होकर के एक मत से शिक्षित व्यक्ति को अपने



समाज से सरपंच निर्विरोध चुनाव कर लेना चाहिए जिससे आगे चलकर आपस में कोई विवाद खड़ा ना हो, कार्यक्रम के संचालन कर रहे संगठन के संयोजक के पी सिंह बुंदेला ने क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की जन्म से लेकर मृत्यु तक संघर्ष का परिचय आदिवासियों की बीच दिया कहा कि हर समाज का व्यक्ति अपने आराध्य व्यक्ति को मानता है अब आदिवासियों की एकता देखकर प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री भी ताकत को जान चुके हैं हर राजनीतिक दल आदिवासियों की एकता देखकर उन्हें लोहा ने का प्रकाश प्रयास कर रहे हैं जिस कारण से आज भोपाल में जबलपुर में जनजाति गौरव दिवस के रूप में बिरसा मुंडा की जयंती मनाने का प्रोग्राम कर रहे हैं। संगठन के उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज आदिवासियों में जरूरत इस बात की है कि अपने परिवार को शिक्षित करें और सराब जैसे नशाखोरी से बचें। कार्यक्रम का सफल आयोजन श्री प्रमोद बैन द्वारा किया गया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**पुष्पांजली टुडे**
**नेनाराम सिरवी**

**पाली ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया एक दिवसीय दौरे पर पाली पहुँचने पर भाजपा पाली जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया की बर में की अगुवाई करते हुए कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत ।

भाजपा जिला प्रवक्ता त्रिलोकराम चौधरी व जिला मीडिया प्रभारी गिरीश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जैतारण विधायक अविनाश गहलोत के निजी आवास पर जाकर छोटे भाई व निजी सचिव स्वर्गीय विकास गहलोत के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पाली में बंजारा समाज के तत्वाधान में गुलाब राम जी महाराज व शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया पाली सांसद पीपी चौधरी जिला संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह बालावत पाली विधायक ज्ञानचंद पारख पाली भाजपा जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार ने अपना जोरदार उद्बोधन दिया प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश जी पूनिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कोराना में इस तरीके से आम लोगो की सेवा की है वह बहुत ही अच्छा सराहनीय है तथा पार्टी का गढ़ पाली रहा है उन्होंने गहलोत सरकार को आडे हाथ लेते हुए कहा कि प्रदेश में बढ़ते हुए अपराध की घटनाएं इससे यह साबित होता है कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है प्रदेश में प्रतिदिन अपराध बढ़ रहे हैं और बिजली बिलों पर लगातार चार्ज बढ़ता है जिससे बढ़ोतरी हो रही है पेट्रोल-डीजल पर केंद्र सरकार ने अपनी राशि कम कर दी है अब राज्य सरकार को कम करके जनता को राहत देनी चाहिए भाजपा के जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी जनप्रतिनिधि गण सहित तमाम कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर



परिचय कर उद्बोधन दिया अंतिम में पाली मैं ही नानी बाई को मायरो के कार्यक्रम में भी भाग लिया इस दौरान पाली सांसद पीपी चौधरी पूर्व सांसद पुष्प जैन पाली विधायक ज्ञानचंद पारख बाली विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत सोजत विधायक शोभा चौहान पाली नगर परिषद सभापति रेखा राकेश भाटी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महेंद्र बोहरा कार्यक्रम किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चौधरी पूर्व विधायक मदन राठौड़ जिला प्रमुख रश्मि सिंह उप जिला प्रमुख जगदीश चौधरी जिला महामंत्री मोहन जाट सुनील भंडारी जिला पदाधिकारी सुरेश चौधरी महेंद्र कुमावत जयवर्धन रांकावत पूनम सिंह परमार तिलोक राम चौधरी राम किशोर साबू महावीर सिंह टेवाली पंकज त्रिवेदी सरवन बंजारा आईटी सेल संयोजक मुकेश नाबरिया किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह जिला महामंत्री देदाराम पटेल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोहर कवर बाली नगर पालिका अध्यक्ष भरत चौधरी रानी नगर पालिका अध्यक्ष भरत राठौड़ प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल मंडल अध्यक्ष पुखराज बंजारा नरपत दवे मुकेश नाहर प्रताप सिंह भाटी जगदीश सिंह राजपुरोहित गणेश पटेल वोरा राम चौधरी हेमावास गुंदोज भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह सोनीगरा किसान नेता पुखराज पटेल पाली प्रधान मोहिनी पटेल। हेमावास सरपंच मोहनलाल पटेल बालराई सरपंच केसाराम कुमावत पाली भाजपा जिला प्रतिनिधि मुकेश सिरवी सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला के प्रतिनिधि सभी मोर्चा के अध्यक्ष सभी मंडल अध्यक्ष जिले के सभी पदाधिकारी सभी मोर्चा के सभी पदाधिकारी किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी ओबीसी मोर्चा के सभी पदाधिकारी सभी मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री तथा कार्यकारिणी और पार्टी के सभी सम्मानित कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित रहे सभी नगर पालिका के अध्यक्ष उपाध्यक्ष तथा पंचायत समितियों के प्रधान जिला परिषद सदस्य पार्षद उपस्थित रहे।

# सत्यधाम से तीर्थराज पुष्कर जाते हुए ब्रह्माजी का रथ आज रात इन्दौर आएगा, कल सुबह रथयात्रा

**इन्दौर।** मालवांचल के नर्मदा तट स्थित सत्यधाम आश्रम पर निर्मित विशेष काष्ठ रथ सोमवार 15 नवम्बर को रात लगभग 9 बजे इन्दौर पहुंचेगा। इस रथ पर राजस्थान के तीर्थराज पुष्कर में पहली बार कार्तिक पूर्णिमा पर जगन्नाथ रथयात्रा की तर्ज पर ब्रह्माजी-सावित्रीजी की रथयात्रा निकाली जाएगी। सोमवार को सुबह सत्यधाम पर विधायक रवि जोशी, महंत गोरेलाल शर्मा एवं परशुराम महासभा के प्रदेश प्रभारी पं. संजय मिश्रा रथ का पूजन कर उसे पुष्कर के लिए विदा करेंगे। इन्दौर, उज्जैन, मंदसौर, नीमच होते हुए यह रथ एक विशाल ट्राले पर रखकर पुष्कर भेजा जा रहा है।



### जगन्नाथ यात्रा की तर्ज पर पुष्कर में भी निकलेगी रथयात्रा, आज सुबह सत्यधाम से होगी विदाई

परशुराम महासभा के प्रदेश प्रभारी पं. शैलेन्द्र जोशी एवं गोविंद शर्मा ने बताया कि सत्यधाम पर सोमवार सुबह ब्रह्माजी एवं सावित्रीजी का विवाह समारोह भी होगा। इसके बाद रथ का पूजन कर उसे पुष्कर के लिए विदाई दी जाएगी। सत्यधाम से कसरावद, धामनोद, मानपुर, महू, राऊ होते हुए यह रथयात्रा लगभग रात 9 बजे इन्दौर पहुंचेगी। यहां एमआर 10 रोड स्थित सरस्वती गार्डन पर शेखर पटेल के नेतृत्व में भजन संध्या एवं रात्रि विश्राम के बाद सुबह 9 बजे से उज्जैन के ले प्रस्थित होगी। एमआर 10 स्थित टोलनाके से उज्जैन के बीच विभिन्न संगठनों द्वारा रथयात्रा के स्वागत की तैयारियां की गई है। रथ पर ब्रह्माजी एवं सावित्री के विग्रह विराजित किए गए हैं। इन्दौर आगमन के पूर्व महू में सर्वब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कैलाशदत्त पांडे एवं पार्षद जितेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में रथ का पूजन एवं स्वागत होगा। इन्दौर में परशुराम महासभा की युवा वाहिनी के अध्यक्ष पं. अनिरुद्ध शर्मा, प्रदेश प्रभारी पं. शैलेन्द्र जोशी, पं. गोविंद शर्मा एवं डी.जी. मिश्रा के मार्गदर्शन में ब्राह्मण संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

महासभा के प्रदेश प्रभारी पं. संजय मिश्रा के अनुसार यह रथयात्रा मंगलवार 16 नवम्बर को उज्जैन और वहां से मंदसौर, 17 को मंदसौर से नीमच और चित्तोड़गढ़ होकर यह रथ शाम को पुष्कर पहुंच जाएगा। 18 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन यह रथ पुष्कर में ब्रह्माजी के मंदिर को भेंट किया जाएगा और उसी दिन सरोवर घाट क्षेत्र में रथयात्रा निकाली जाएगी।

# आनंद और आस्था की अभिव्यक्ति है, जनजातीय नृत्य-संगीतः लक्ष्मीनारायण पयोधि

भोपाल। मध्यप्रदेश का इन्द्रधनुषी जनजातीय संसार, जहाँ जीवन अपनी सहज निश्छलता के साथ आदिम मुस्कान बिखेरता हुआ पहाड़ी झरने की तरह गतिमान है। सघन वनों से आच्छादित एक ऐसा प्रदेश, जहाँ विन्ध्याचल, सतपुड़ा और अन्य पर्वत-श्रेणियों के उन्नत मस्तकों का गौरवगान करती हवाएँ और उनकी उपत्यकाओं में अपने कलकल निनाद से आनंदित करती नर्मदा, ताप्ती, तवा, पुनासा, बेतवा, चंबल, दूधी आदि नदियों की वेगवाही रजत-धवल धाराएँ मानो,वसुंधरा के हरे पृष्ठों पर अंकित पारंपरिक गीतों की मधुर पंक्तियाँ।



ढोल, माँदर, गुदुम, टिमकी, डहकी, माटी माँदर, थाली, घंटी, कुंडी, ठिसकी, चुटकुलों की ताल पर जब बाँसुरी, फेफरिया और शहनाई की स्वर-लहरियों के साथ भील, गोण्ड, कोल, कोरकू, बैगा, सहरिया, भारिया आदि जनजातीय युवक-युवतियों की तरह विन्ध्य-शिखर थिरक उठते हैं तो पचमढ़ी की कमर में करधौनी की भाँति लिपटकर सतपुड़ा झूमने लगता है और भेड़ाघाट में अपने धुआँधार हर्षराग से दिशाओं को आनंदित करता नर्मदा का जलप्रपात। जनजातियों का नृत्य-संगीत प्रकृति की इन्हीं लीला-मुद्राओं का तो अनुकरण है। जनजाति समुदाय प्रायः प्रकृति सान्निध्य में रहते हैं। इसलिये निसर्ग की लय ताल और राग-विराग उनके शरीर में रक्त के साथ संचरित होते हैं। वृक्षों का झूमना और कीट-पतंगों का स्वाभाविक नर्तन जनजातियों को नृत्य के लिये प्रेरित करते हैं। हवा की सरसराहट, मेघों का गर्जन, बिजली की कौंध, वर्षा की साँगीतिक टिपटिप,पक्षियों की लयबद्ध उड़ान ये सब नृत्य-संगीत के उत्प्रेरक तत्व हैं। नृत्य मन के उल्लास की अभिव्यक्ति का सहज और प्रभावी माध्यम है। संगीत सुख-दुख यानी राग-विराग को लय और ताल के साथ प्रकट करता है। कहा जा सकता है कि नृत्य और संगीत मनुष्य की सबसे कोमल अनुभूतियों की कलात्मक प्रस्तुति हैं। जनजातियों के देवार्चन के रूप में आस्था की परम अभिव्यक्ति के प्रतीक भी। नृत्य-संगीत जनजातीय जीवन-शैली का अभिन्न अंग है।यह दिन भर के श्रम की थकान को आनंद में संतरित करने का उनका एक नियमित विधान भी है।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश मंडप की धूम

**भोपाल।** प्रगति मैदान नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2021 में मध्यप्रदेश के मंडप में ग्रामीणों द्वारा उत्पादित सामग्रियों ने धूम मचा दी हैं। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल एवं सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने मध्यप्रदेश पेवेलियन का रविवार को उदघाटन किया। पेवेलियन में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम, एमपी पर्यटन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, लघु उद्योग निगम, मृगनयनी एंपोरियम, कृषि एवं किसान कल्याण, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने भाग लिया और अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया। प्रमुख उत्पादों में सीधी जिले का कोदो-कुटकी और पंजा दरी, टीकमगढ़ के पीतल के उत्पाद, शिवपुरी की कपड़े की जैकेट, भोपाल के हस्तकला उत्पाद, रतलामी सेंव के साथ मृगनयनी एम्पोरियम द्वारा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही कृषि आधारित एक स्टार्टअप ने भी प्रदर्शनी में भाग लिया। प्रति वर्ष प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 14 से 27 नवम्बर में यह मेला आयोजित किया जाता है। इस मेले में अन्य देशों के अलावा विभिन्न राज्य, केन्द्र शासित प्रदेश, भारत शासन के मंत्रालय द्वारा भाग लिया जाता है।

## दूल्हे विष्णु की निकली बारात गन्ने के मंडप में हुआ आश्रम में तुलसी-शालिग्राम विवाह

**इन्दौर।** विमानतल मार्ग स्थित विद्याधाम पर देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में आज शालिग्राम मंदिर पर तुलसी और शालिग्राम का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। भगवान विष्णु को दूल्हे के रूप में श्रृंगारित कर आश्रम परिसर में रथ-बग्घी तथा बारातियों सहित चल समारोह भी निकाला गया। तुलसी को दुल्हन के रूप में श्रृंगारित कर गन्ने एवं चुनरी से अच्छादित मंडप में विराजित कर कन्यादान किया गया। सैकड़ों श्रद्धालु इस विवाह के साक्षी बने। सम्पूर्ण मंदिर परिसर को आज विद्युवत एवं पुष्प सज्जा से श्रृंगारित किया गया था। आश्रम परिवार के पूनमचंद अग्रवाल, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि देश के दूसरे, आश्रम परिसर स्थित शालिग्राम मंदिर पर शाम 5 बजे से ही विवाहोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई थी। इस अवसर पर दूल्हा एवं दुल्हन पक्ष के मेहमानों पर पुष्प वर्षा कर उनका भी स्वागत किया गया। वर-वधु को गन्ने के मंडप में विराजित कर आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में 11 विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह की रस्म सम्पन्न की गई। आश्रम परिसर स्थित गिरिजानंद सरस्वती वेद वेदांत विद्यापीठ के वेदपाठी छात्र भी एक जैसी वेशभूषा में बारात में शामिल हुए। विवाह संपन्न होते ही सम्पूर्ण परिसर भगवान विष्णु एवं तुलसीजी के जयघोष से गूंज उठा। रंगारंग आतिशबाजी और महिलाओं द्वारा भजनों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने इस विवाहोत्सव का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया। मेहमानों ने नाचते-गाते हुए उत्सव का आनंद लिया। प्रसाद वितरण के साथ इस परंपरागत विवाहोत्सव का समापन हुआ।





## उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में 6 करोड़ की लागत से इन्दौर का 'अग्रवाल फाउंडेशन' कराएगा 'अन्न क्षेत्र' का निर्माण

**इन्दौर।** उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में इन्दौर के बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से मंदिर प्रबंध समिति की भूमि पर 3286.2 वर्गमीटर क्षेत्र में अन्न क्षेत्र का निर्माण किया जाएगा। अन्न क्षेत्र के भवन का नाम विनोद अग्रवाल की पूज्य मातुश्री चमेलीदेवी अग्रवाल के नाम पर होगा और इसके निर्माण पर करीब 6 करोड़ रुपए की लागत आएगी। भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ हो जाएगा और यहां प्रतिदिन 15 हजार श्रद्धालुओं द्वारा निःशुल्क भोजन प्रसाद ग्रहण किया जा सकेगा। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर आशीषसिंह एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के चेयरमेन विनोद अग्रवाल के बीच शुक्रवार को एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। वर्तमान में रूद्रसागर किनारे अन्न क्षेत्र का संचालन किया जा रहा है। यह भवन बनने के बाद नए भवन में भूतल पर 1300, पहली मंजिल पर भी 1300, इस तरह एक समय में 2600 भक्त यहां बैठकर भोजन प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। दिनभर में करीब छह पारियों में भोजन सेवा होगी और प्रत्येक पारी में, दोपहर को साढ़े 6 से साढ़े 7 हजार एवं संध्या को भी इतने ही श्रद्धालु भोजन ग्रहण कर सकेंगे। इस तरह दिनभर में इस अन्न क्षेत्र के भवन में कुल 15 हजार श्रद्धालु भोजन कर सकेंगे। अन्न क्षेत्र में भोजन निर्माण के लिए आधुनिक संयंत्र एवं आवश्यक उपकरण भी स्थापित किए जाएंगे। भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाएगा और निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भोजन प्रसाद बनाने, वितरण करने, संचालन, देखरेख एवं संपत्ति की पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी मंदिर प्रबंध समिति की होगी।

## बिरसा मुंडा जयंती पर यात्रा आए बिरसा मुंडा

**रितेशकटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** गोंडवाना सामुदायिक भवन लांजीगढ़ में गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन लांजीगढ़, गोंडवाना विकास समिति लांजीगढ़, माना समाज उत्थान समिति लांजीगढ़, गोवारी समाज लांजीगढ़ एवं अन्य सभी सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं के तत्वावधान में भारत के क्रांति दूत, जननायक, क्रांतिसूर्य, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 146वीं जयंती समारोह का कार्यक्रम मनाया गया, कार्यक्रम की शुरुआत प्रकृति शक्ति फड़ापेन एंव महापुरुषों के छाया चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर इरुक पुंगार (महुआ फूल), पीले चावल से गोंगो को विधिवत रूप से संपन्न किया गया7 इसके पश्चात कार्यक्रम के उदेश्य को जमीनी स्तर पर जागरूकता लाने के लिए क्रमशः अनेक गांवों में भी सफ़लतापूर्वक मनाया गया। वारी बम्हनवाड़ा से चार किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित ट्राइबल क्षेत्र में आदिवासी विकास समिति लांजीगढ़ एवं अन्य सभी सामाजिक संगठनों के तत्वावधान कार्यक्रम को विधिवत रूप से सफ़लतापूर्वक सम्पन्न किया गया, और उस क्षेत्र के सभी ग्रामीणवासियों के सहयोग से सर्वप्रथम यहाँ ज़न जागरूकता के तौर पर छोटा सा प्रयास किया है, जिसमें मातृशक्तियां पितृशक्ति, युवा, नन्हें - नन्हें बच्चे सभी उपस्थित रहे7 खराड़ी के कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ गांव के बुजुर्ग छतर उइके को नियुक्त किया गया एवं मोतीलाल उइके, गांधी घोरमारे, धनीराम इनवाती, अमोल सिंह धुर्वे, अतुल हनोते, अशोक मर्सकोले, ऋषिकेश घोरमारे, राज कुमार नागेश्वर, पी डी भालाधरे, दीनू उइके, नरेश उइके, सुशीला वरकड़े, सीमा पन्द्रे, प्रदीप उइके, डेमेन्द्र उइके, राकेश नारनौरे, मनीराम मड़ावी, सरिता मड़ावी, कुंती वरकड़े उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम खराडी में बिरसा मुंडा जयंती पर लिब्रेटी कोचिंग क्लास के संचालक राकेश नारनौरे द्वारा बी सी सी कोर्स व पीएमजीदिशा में आदिवासी समुदाय के बच्चों का पंजीयन करवाया गया।



## रत्नयी महोत्सव में हुए धार्मिक अनुष्ठान

**पुष्पांजली टुडे**

**मैसूर**-सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के तत्वावधान में महावीर भवन में चातुर्मास विराजित साध्वी वीरेश पद्माश्री आदि ठाणा की निश्रा में रत्नत्रयी महोत्सव के द्वितीय दिवस पर दादा समुतिदाथ जिनालय में भक्तांबर पाठ सिद्धचक्र महापूजन प्रभु की आरती मातृ वंशावली आदि धार्मिक अनुष्ठान किए गए। भजनकार दीपक करणपूरिया ने मधुर भक्ति गीत प्रस्तुत किए। लाभार्थी सोहनी बाई हस्तीमल भंडारी का राजस्थानी संघ समाज की ओर से तप की अनुमोदना करते हुए बहुमान किया गया।लाभार्थी परिवार ने साध्वी वृंद को काम्बली ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया।कृष्णराजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एस.ए.रामदास व मैसूर दशहरा वस्तु प्रदर्शनी मैदान प्राधिकरण के अध्यक्ष हेमंत कुमार गौड़ा व शहर पुलिस उपायुक्त कानून व्यवस्था प्रदीप कुंती उपायुक्त गीता प्रसन्ना का बहुमान किया गया। इस अवसर पर सुमति नाथ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के अध्यक्ष भैरूमल राठौड़, सचिव कांतिलाल गुलेचा, कोषाध्यक्ष मंगलचंद पोरवाल, ट्रस्टी हंसराज पगारिया, डायालाल वोहरा, प्रकाश सालेचा, विमल भैसवाड़ा, सुविधिनाथ राजेन्द्रसूरी जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष शान्तिलाल हरण,कोषाध्यक्ष धनेश मेहता, समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित,महावीर गादिया, कांतिलाल पटवारी, राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, बगताराम देवासी, पार्श्व पद्मावती ट्रट के अध्यक्ष दलीचंद।



## सम्मान समारोह कार्यक्रम में बीजेपी कार्यालय मंत्री पंकज खेगर के लिए पूर्व रिटायर्ड थाना प्रभारी ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया

**राकेश परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** सम्मान समारोह कार्यक्रम में बीजेपी कार्यालय मंत्री पंकज खे़गर जी के लिए माल्यार्पण कर सम्मानित किया इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में दूरदराज से आए हुए नेतागण एवं कई वरिष्ठ अधिकारी जन इस कार्यक्रम में पूर्व रिटायर्ड रह चुके आरोन थाना प्रभारी मलखान सिंह परिहार जी द्वारा बीजेपी कार्यालय मंत्री पंकज खेगार जी के लिए माल्यार्पण कर सम्मानित किया इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में कई वरिष्ठ जन मुख्य रूप से सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिसमें कई कार्यकर्ताओं को बेहतरीन कार प्रणाली के तहत माल्यार्पण कर उनको सम्मानित किया यह कार्यक्रम सम्मान समारोह आयोजित पूर्व रिटायर्ड रह चुके आरोन थाना प्रभारी के निज निवास पर आयोजित हुआ जिसमें पिछोर से बीजेपी कार्यकर्ता पंकज खेंगर व अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



# भारत सहित किसी भी देश के साथ संघर्ष नहीं चाहता तालिबान : मुत्ताकी

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने कहा है कि उनका देश भारत सहित किसी भी देश के साथ संघर्ष नहीं चाहता। नई दिल्ली के साथ अफगानिस्तान के संबंधों के बारे में किए गए एक सवाल के जवाब में मुत्ताकी ने कहा कि हम नहीं चाहते कि अफगानिस्तान का किसी अन्य देश के साथ संघर्ष हो या ऐसी चुनौतियां हों जो हमारे देश को प्रभावित कर सकती हैं।

इसलिए, हम इस मुद्दे पर काम करना जारी रखेंगे। क्या अफगानिस्तान के भारत के साथ घनिष्ठ संबंध होने पर चीन या पाकिस्तान की ओर से कोई प्रतिक्रिया हुई है, मुत्ताकी ने इसका कोई सीधे जवाब देने के बजाय, मॉस्को में हाल की बैठकों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा जब हमने मास्को सम्मेलन में हिस्सा लिया, तो भारत, पाकिस्तान और कई अन्य देशों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। हमने सकारात्मक बातचीत की और उम्मीद है कि हम किसी भी देश का विरोध नहीं करेंगे। मुत्ताकी की यह टिप्पणी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल द्वारा नई दिल्ली में अफगानिस्तान पर आठ देशों के संवाद की अध्यक्षता किए जाने के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उजबेकिस्तान के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। संवाद में शामिल देशों ने यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि अफगानिस्तान को वैश्विक आतंकवाद का पनाहगाह नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने काबुल में एक खुली और सही मायने में समावेशी सरकार का गठन करने का आह्वान किया।



सुरक्षा संवाद के अंत में इन आठ देशों ने एक घोषणापत्र में यह बात दोहराई कि आतंकवादी गतिविधियों को पनाह, प्रशिक्षण, साजिश रचने देने या वित्त पोषण करने में अफगान भू-भाग का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। महिला शिक्षा पर पूछे गए एक सवाल पर मुत्ताकी ने इस बात को खारिज किया कि अफगान महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों से बाहर रखा जा रहा है। उन्होंने कहा स्वास्थ्य क्षेत्र में महिलाओं की 100 प्रतिशत भागीदारी है। वे शिक्षा के क्षेत्र में भी पढ़ा रही हैं। वे हर उस क्षेत्र में काम कर रही हैं जहां उनकी जरूरत है। उन्होंने कहा तालिबान सरकार ने पिछली सरकार के तहत काम करने वाली किसी भी महिला अधिकारी को नौकरी से नहीं निकाला। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थान अभी भी बंद हैं, लेकिन कहा कि यह कोविड -19 महामारी के कारण है।

तालिबान के नेता ने स्वीकार किया उनका देश पाकिस्तान और प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बीच मध्यस्थता कर रहा है, लेकिन अब तक कोई समझौता नहीं हुआ है। हालांकि, प्रक्रिया की शुरुआत अच्छी रही और एक महीने के संघर्षविराम की घोषणा की गई। मुत्ताकी ने स्वीकार किया कि इस्लामिक स्टेट एक बड़ा खतरा है, लेकिन उन्होंने घोषणा की कि तालिबान सरकार ने इसे देश के एक बड़े हिस्से से खत्म कर दिया है।

## आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा हेतु ग्राम वासियों को एंबुलेंस की भेंट

**पुष्पांजली टुडे**
**नैनाराम सिरवी**

**पाली।** निकटवर्ती रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुसी के ग्राम वासियों को दानदाताओं के सहयोग से बेहतर चिकित्सा सुविधा हेतु एंबुलेंस भेंट की गई। सरपंच शिमला चौधरी उपसरपंच प्रमिला परमार के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव भुरा राम सिरवी सेवादल कांग्रेस संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनलाल हटेला रानी पंचायत समिति प्रधान शीला सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर एंबुलेंस की पूजा अर्चना कर ग्राम वासियों को भेंट की। कार्यक्रम का संचालन बुसी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच दुर्गाराम समाजसेवी घीसाराम परमार ने किया। उपसरपंच प्रमिला परमार ने बताया कि ग्राम वासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा हेतु ग्राम पंचायत के समाजसेवियों के सहयोग से एंबुलेंस ग्राम वासियों को भेंट की गई । ग्राम वासियों ने ग्राम पंचायत सहित वरिष्ठ समाजसेवी कांग्रेस प्रदेश कमेटी सचिव भुरा राम सिरवी सहित दानदाताओं का आभार जताया। इस दौरान उपसरपंच प्रमिला परमार के नेतृत्व में कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का सम्मान किया गया।



## वन-टू-वन

### न सबका साथ, न सबका विकास मंहगाई, बेरोजगारी, देश के साथ विश्वासघातः डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में मंहगाई, बेरोजगारी ब?ाने वाली, ग्वालियर को बदहाल सिटी बनाने वाली भाजपा के खिलाफ कांग्रेस की पदयात्रा अंबेडकर पॉलेटेक्निक कॉलेज नाका चन्द्रवदनी, दाल बाजार, लोहिया बाजार, नया बाजार पर समाप्त हुई। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह नेताजी, विनोदी जेन, सुनील श्रीवास, राकेश गुर्जर ने पदयात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास करने वाली भाजपा ने न सबका साथ दिया है न सबका विकास किया है, मंहगाई, बेरोजगारी ब?ाकर देश के साथ विश्वासघात किया है। लोकतंत्र में जनमत सबसे ब?ी शक्ति है और जनमत द्वारा विधायक सांसद निवार्चित किए जाते है, सबका साथ की बात करने वाली भाजपा निर्वाचित प्रतिनिधियों, सामाजिक, औद्योगिक, व्यापारिक, पत्रकारजगत किसी सदस्य को बैठक में नही बुलाती है कहां है सबका विकास, कैसे होगा सबका विकास। आज ग्वालियर शहर बदहाल सिटी बन चुका है, सबका साथ सबका विकास, विश्वासघात बन चुका है, पक्षपात करना लोकतंत्र में जनमत का अपमान है। सबका साथ सबका विकास जब ही संभव होगा जब सभी को साथ लेकर चलना होगा। पदयात्रा में कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, राम पांडे, सुरेन्द्र यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रूचि गुप्ता, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हेवरन सिंह कंसाना, वीणा भारद्वाज, सीमा समाधिया, रचना कुशवाह, वर्षा कुशवाह, नवल शर्मा, रामपाल बाथम, संजीव दीक्षित, राहुल शर्मा, बृजेष शुक्ला, कुलदीप टेगोर, अनुप शिवहरे, लाखन सिंह गुर्जर, बबलू सोन, आशुतोष शर्मा, गिर्राज चंदोरिया, अवधेश कौरव, अविनाश गुप्ता, भूपेन्द्र तौमर, अश्वनी अगरैया, शुभम मधुरिया, शरद यादव, निधि शर्मा, मनोरमा सिंह सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

### ग्वालियर में भी उत्साह के साथ मनाई गई





ग्वालियर। स्वाधीनता संग्राम के महापुरोधा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती आज सम्पूर्ण देश में जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। ग्वालियर जिले में भी उत्साह और उमंग के साथ गौरव दिवस पर आयोजन हुए। जिले की ग्राम पंचायतों में प्रदेश की राजधानी से देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आदिवासी भाई बहनों ने बड़े उत्साह के साथ देखा।

ग्वालियर जिला मुख्यालय पर आदिवासी समाज संगठन समिति एवं अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के संयुक्त तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का आयोजन अजाक्स कार्यालय परिसर में किया गया। गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल उपस्थित हुए। निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने भी आदिवासी भाई बहनों के साथ उनके पारंपरिक नृत्य और गान के कार्यक्रम में सहभागिता की और उनकी खुशी में सहभागी बने।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने इस मौके पर आदिवासी समाज के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण देश में स्वतंत्रता संग्राम के महान पुरोधा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को मनाई जा रही है। देश भर में आदिवासी भाई बहनों में उत्साह का माहौल है। भगवान बिरसा मुंडा द्वारा किए गए कार्यों से हम सबको प्रेरणा लेना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री महेशराम भगत एवं श्री रामेश्वर भगत ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अजाक्स के जिला अध्यक्ष चौधरी मुकेश मौर्य और अजाक्स के प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला व पुरूष शामिल थे। बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

कार्यक्रम में श्रीमती जगपति भगत (अध्यक्ष) श्री जतरू राम भगत, श्री उमाशंकर भगत, डॉ. कृष्णा सिंह, श्री जगदीश राजौरिया, श्री सतेंद्र बौद्ध, श्री विजय सिंघानिया, श्री डी.एन.जाटव, श्री अतर सिंह, श्री पानसिंह, श्री मनीष कन्नौजिया, डॉ.नवीन नागर, श्री पवन कौशल, श्री नीरज गौड़िया, श्री सुरेश अम्ब, इंजी. सौरभ शाक्य, श्री रमेश कुमार जाटव, श्री सोनू कौशल, श्री मनोहर कटारिया, इंजी.ज्योति दौहरे, श्री बी.डी.कुबेर, श्री दीपक खरे, श्री बीरबल जाटव, श्री राम माहौर एवं नृत्य मंडली में श्रीमती ऊषा भगत, श्री जिरमइत भगत, मनपति भगत, श्रीमती उर्मिला भगत, गेंदो भगत, पार्वती पटेल तथा श्री मंगल राम, श्री रघुवीर भगत, श्री लालसायं भगत, श्री विरसाय भगत आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांग क्रिकेट प्रशिक्षक संजय सिंह बने सेंट्रल जोन दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच

**वाराणसी में आयोजित होगी टी-20 नेशनल दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता**



ग्वालियर । फिजीकली चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएसन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 18 से 20 नवंबर तक वाराणसी उत्तर प्रदेश में आयोजित नेशनल जोनल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए सेंट्रल जोन टीम का कोच मध्य प्रदेश के एकमात्र दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों के प्रशिक्षक ग्वालियर के संजय सिंह तोमर को नियुक्त किया गया है।

मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के सह सचिव उमेश गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेंट में ईस्ट जॉन, वेस्ट जॉन, नार्थ जॉन, साउथ जॉन और सेन्ट्रल जॉन की टीमें भाग लेंगी। सेन्ट्रल जॉन की टीम में मध्य प्रदेश की ओर से ग्वालियर के तीन प्रतिभावान खिलाडी योगेंद्र सिंह भदौरिया, रामनिवास सिंह गुर्जर और डबरा से सूरजभान शर्मा एवं रीवा के गोपाल सिंह का हुआ चयन हुआ है ।

इन सभी के चयन पर मप्र खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, समाजसेवी श्री दीपक सचेती एवं ग्वालियर जिला खेल अधिकारी ने बधाई एवं शुभकामनाये दी हैं, साथ ही मप्र दिव्यांग टीम के सहसचिव एवं मैनेजर उमेश बाबू गुप्ता ,फिटनेश कोच सचिन श्रीवास्तव, भानुप्रताप सिंह तोमर तथा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी संजीव शर्मा ,संजय पाल, मध्य प्रदेश टीम के कप्तान प्रदीप सिंह भदौरिया और मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम के सीनियर खिलाड़ी

शिवप्रताप तोमर ,प्रतीक द्विवेदी , हिरदेश सिंह , मनीष खटीक आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई एवं शुभकामनाये दी।

## विधायक डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में वढ़ती हुई महंगाई के विरोध में पद यात्रा निकाली गई



ग्वाल्यिर। 16 ग्वाल्यिर पूर्व के विधायक डॉ. सतीश सिकरवार द्वारा वढ़ती हुई मंहगाई को देखते हुये आज दिनांक 15 नवम्बर सांय 4 बजे से महंगाई के खिल्रफ विरोध प्रदर्शन करते हुये पद यात्रा निकाल्री गई। जिसमें वहुत बढ़ी संख्या में पदाधिकारी एंव कार्यकर्तागण शामिल हुये। यात्रा में महंगाई के विरोध में जोर-शोर से नारे ल्गाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

पद यात्रा पॉल्रीटेक्निक चौराह झॉसी रोड़ से प्रारंभ होकर नाका चंद्रबदनी मेन रोड़, रवि शंकर हॉस्टल वाल्री रोड, राजपायगा रोड़, दाल्बाजार, ओल्ड हाईकोर्ट, उॅटपुल, ल्रेहिया बाजार होते हुये नयाबाजार चौराहे पर समापन हुआ।

यात्रा में मुख्य रूप से शहर जिल्र कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, प्रदेश प्रवक्ता राम पांडे, प्रदेश सचिव सुरेन्द्र यादव, जिल्र कॉग्रेस अध्यक्ष हेवरन सिंह कंषाना, महिल्र कॉग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रूचि राय ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश गुर्जर, ब्ल्रॅक अध्यक्ष विनोदी जैन, मंडल्म अध्यक्ष शरद यादव, श्रीमती वीना भारद्वाज, सीमा समाधिया, अवधेश कौरव, अनूप शिवहरे, विजय बहादुर त्यागी, अंकित कठ्ठल, रामनेरश साहु, गिर्राज चंदोरिया, राजेन्द्र राठी, आशीष साहु, सुधीर मंडेल्यिा, डॉ. कमल्रेश इन्दोरिया, भुपेन्द्र तोमर, पोहप सिंह वर्मा, राकेश श्रीवास आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## बिरसा मुंडा देश की विरासत है, विरासत पर राजनीति नहीं : कांग्रेस



ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा की 146वीं जयंती पर कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी पर नमन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष संगठन प्रभारी महाराज सिंह पटेल ने एवं आभार व्यक्त प्रेमनारायण यादव ने किया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, ने बिरसा मुडा का स्मरण करते हुए कहा कि अंग्रेजी हुकुमत से आदिवासियों को एकत्रित करके जो साहस देश के लिए दिखाया ऐसे महापुरूष को नमन करना हर नागरिक का दायित्व है। लेकिन बिरसा मुडां के नाम पर राजनीति करना आदिवासी और देश के साथ विश्वासघात है 1951 में जनसंघ की स्थापना से लेकर, 1980 में भाजपा की स्थापना से लेकर एवं 1998, 1999 से 2004 तक केन्द्र में भाजपा सरकार रही, 1977, 1990, 2003 से 2018 तक, 25 मार्च 2020 से 2021 तक प्रदेश में भाजपा सरकार है तब बिरसा मुंडा की याद भाजपा सरकार को क्यों नही आई, रानी कमलावती ऐतिहासिक महिला है उनका भी स्मरण क्यों नही आई, आज भाजपा को अचानक बिरसा मुंडा और रानी कमलावती की याद इसलिए आई है कि आदिवासी वर्ग का मतदाता ने दमोह में और रैगांव में भाजपा को आईना दिखा दिया है।

## अमेज़न पर गांजा बेचे जाने के मामले पर कैट ने नारकोटिक्स ब्यूरो से जांच की मांग की

ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मांग की है कि हाल ही में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा भिंड के एसपी श्री मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में अमेज़न के ई-कॉमर्स पोर्टल पर गांजा की बिक्री के रैकेट का जो खुलासा किया गया है, इस गंभीर मुद्दे को नारकोटिक्स कंट्रोल को भी सौंपना चाहिए। कैट ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि इस बेहद गंभीर मामले को हल्के में न लिया जाए और इस पर तुरंत और सख्त कार्यवाही कर की जाए । इस मुद्दे को नजरअंदाज नही किया जा सकता क्योंकि ये देश की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है, क्योंकि इसी तरह अवैध हथियार या अन्य अवैध गतिविधियां भी पोर्टल के द्वारा संचालित की जा सकती हैं। कैट ने आगे कहा कि एमपी पुलिस ने कल ग्वालियर के अमेज़न गोदाम में छापेमारी के दौरान मारिजुआना के 380 से अधिक पैकेज जिसे कड़ी पत्ते के रूप में बेचे जाने का खुलासा भी किया है जो की बेहद गंभीर मामला है ! कैट म.प्र. के संयुक्त अध्यक्ष एवं प्रभारी अध्यक्ष श्री सुनील अग्रवाल एवं महामंत्री श्री मुकेश अग्रवाल ने बताया कि मध्य प्रदेश के पुलिस अधिकारियों से एनडीपीएस अधिनियम और आईपीसी के तहत अमेज़ॅन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और भारत में अमेज़न के संचालन और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने आगे कहा कि अपनी ई-कॉमर्स वेबसाइट के माध्यम से 1 करोड़ रुपये से अधिक के गांजे की बिक्री और उस पर 66त्न (यानी 66 लाख रुपये से अधिक) का कमीशन अर्जित करके, अमेज़ॅन ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 (बी) का उल्लंघन किया है जो कहता है कि उत्पादन करता , निर्माण करता , एवं रखने वाला, बेचने वाला, खरीदने वाला, परिवहन करता, आयात करता , अंतरराज्यीय, अंतरराज्यीय निर्यात या भांग का उपयोग, दंडनीय अपराध है÷।

## सिध्दचक्र विधान में भगवान जिनेंद्र को संगीतमय भक्ति से अर्घ्य चढ़ाए



**जब तक श्रद्धा नहीं, तब तक मोक्ष नहीं मिल सकताः मुनिश्री**

**इंद्रा - इंद्राणियों ने जिनेंद्र भगवान को 128 महा अर्घ्य समर्पित किए।**

ग्वालियर। जब तक श्रद्धा नहीं है, तब तक सब व्यर्थ है, श्रद्धा से परम तत्व प्राप्त होता है, श्रद्धा से ज्ञान और ज्ञान से चारित्र की प्राप्ति होती है। मोक्ष मार्ग की प्रथम सी?ी श्रद्धा है। कोई कितना ही ब?ा त्यागी, महात्मा हो, अगर श्रद्धा नहीं है तो सब कुछ करने से भी कुछ नहीं होता। जो धैर्य रखता है, वह ही मोक्ष मार्ग पर चलता है, भटकता हुआ जीव सच्चे मार्ग को नहीं खोज पाता। संशय की स्थिति मनुष्य को जीवन में भटका रही है। श्रद्धा के बिना सबकुछ अधूरा है। सर्वप्रथम श्रद्धा और समर्पण हमारे अंदर होना चाहिए। यह विचार वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज पांचवें दिन सोमवार को उपग्वालियर लोहमंडी लाल गोकुलचंद जैन मदिंर में अयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मंच पर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज एवं ऐलक श्री विनियोग सागर भी मौजूद थे।

मुनिश्री ने कहा कि जीव श्रृद्धा के बल पर ही संयम में दृ? आचरण कर सकता है। उपदेश के माध्यम से हमें संसार का स्वरूप समझना है। संसार की यह रिद्धी जीव को अनंतकाल भटकाने वाली है। इसी भव में संसार न करने का मन में खेद होना चाहिए, क्योकि ऐसा अमूल्य वितराग धर्म मिलना दुर्लभ है। मुनिश्री के चरणो में मंदिर समिति के अध्यक्ष पदमचंद जैन, महामंत्री देवेद्र जैन, दिलीप जैन, नवरंग जैन, अभिलाषा जैन, मनीष जैन, राकेश जैन, अलोक जैन, राजुल जैन आदि ने श्रीफल भेंटकर आर्शीवाद लिया।

**इंद्रो ने ध्यान लागकर भगवान का महामस्तकाभिषेक किया..**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सिद्धचक्र महामंडल विधान प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी राकेश जैन ने मंत्रउच्चारण के साथ सौधर्म इंद्रा पदमचंद जैन ने प्रथम कलश से भगवान जिनेंद्र देव मस्तक पर जलाभिषेक जयकारों के साथ किया। मुनिश्री ने अपने मुख्यबिंद से भगवान जिनेंद्र की शांतिधारा करने का सौभाग्य अनुराग जैन परिवार ने की।

**विधान में इंद्रा-इंद्राणियो ने मिलकर 128 महाअर्घ्य समर्पित कर परिक्रमा लगाई**

इस विधान में इंद्रा-इंद्राणियो ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मुकुट गले में माला पहनकर शुभम जैन सैमी के भजनो के साथ भक्ति भाव से पूजा आर्चन कर मैना सुंदरी श्वेता अनुराग जैन के द्वारा सिध्दप्रभू की आराधना कर 128 महाअर्घ जिनेन्द्र के समक्ष मढ़ने समर्पित किए गए।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478